卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 239 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦9 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## जनता के भरोसे को और मजबूत करेंगे: मोदी

### शपथ ग्रहण से पहले संभावित मंत्रियों के साथ बैठक,100 दिन के रोड मैप पर चर्चा

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। शपथ ग्रहण से पहले नरेंद्र मोदी ने रविवार को संभावित मंत्रियों के साथ पहली बैठक की, जिसकी तस्वीर सामने आई है। इस बैठक में नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच साल का रोडमैप तैयार है। इस दौरान उन्होंने 100 दिन के रोडमैप पर चर्चा की और उसे लागू करने के निर्देश भी दिए। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने अपनी कैबिनेट के नए सहयोगियों से कहा कि 100 दिन एजेंडा की कार्ययोजना को जमीन पर उतारना है। इसी के साथ पेंडिंग योजनाओं को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जो आपको विभाग मिलेगा, उसे जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए, इसकी चिंता कीजिएगा। (शेष पृष्ठ सात पर)



## मोदी कैबिनेट में अजय टम्टा को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



देहरादून (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा सीट से सांसद अजय टम्टा को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। बताया जा रहा है कि अजय टम्टा को दिल्ली से बुलावा आया है। हालांकि वह केंद्र में मंत्री बनेंगे या राज्य मंत्री यह अभी स्पष्ट नहीं है। अजय टम्टा रविवार को प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में भी शामिल हुए। बता दें पिछली बार मोदी सरकार में नैनीताल उधम सिंह नगर सीट से (शेष पृष्ठ सात पर)

## मंदिर की छत पर युवक का शव मिलने से सनसनी

काशीपुर(उद संवाददाता)। तीर्थ स्थल द्रोणासागर परिसर में रविवार सुबह मंदिर की छत पर एक युवक का लावारिस शव पड़ा पाया गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर वह तत्काल मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल पर पुलिस को सल्फास की एक गोली तथा कीटनाशक दवाओं का डब्बा मिला। प्रथम दृष्टया मौत का कारण जहरीले पदार्थ सेवन बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर लिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से सिद्धिकपुर थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर उत्तर प्रदेश निवासी ओमप्रकाश झा का परिवार पिछले लगभग 4 वर्ष से यहां बरखेड़ा पांडे में रहता है। यही उनकी जमीन और मकान भी है। वह महुआखेड़ा गंज स्थित एक फैक्ट्री में काम किया करते हैं। 27 वर्षीय मृतक चंदन झा उनका बड़ा लड़का है जो गलत संगत में पड़कर नशे का आदी हो गया है। वह रिक्शा चलाया करता था और अक्सर घर नहीं आता था। रविवार सुबह लगभग 8:00 बजे आईटीआई पुलिस को सूचना मिली कि द्रोणा सागर परिसर के अंदर स्थित एक मंदिर की छत पर युवक का शव पड़ा है। पुलिस को जैसे ही मामले की जानकारी मिली वह तत्काल मौके पर पहुंच गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी ने पूर्व सीएम कोश्यारी के स्वास्थ्य का जाना हाल

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से भेंट की। उन्होंने उनकी कुशलक्षेम पूछी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बता दें स्वास्थ्य खराब होने के कारण पिछले कुछ दिनों से पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल पहुंचकर श्री कोश्यारी का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



## मजदूर पंचायत में उत्पीड़न के खिलाफ गरजे श्रमिक नेता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉल्फिन मजदूर संगठन व विभिन्न सामाजिक व अन्य मजदूर संगठनों द्वारा आज गांधी पार्क में आयोजित मजदूर पंचायत में श्रमिक नेताओं ने सिडकुल में नए न्यूनतम वेतनमान को लागू करने, उद्योगों में श्रमिकों का उत्पीड़न रोकने, बंधुआ मजदूरी रोकने, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के दबाव में काम करने, उद्योगों में न्यायालयों के आदेशों की अवहेलना आदि मुद्दों को जोरदार ढ़ंग से उठाते हुए शासन प्रशासन को आड़े हाथों लिया।। श्रमिक नेताओं ने कहा कि डॉल्फिन कम्पनी सहित सिडकुल की सभी कम्पनियों में शासन द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान कराया जाये, स्थाई मजदूरों को ठेकेदारी के तहत नियोजित करना बंद किया जाये, स्थाई मजदूरों से जबरदस्ती दिलवाये गये त्यागपत्रों को निरस्त किया जाये, निलम्बित मजदूरों सहित सभी मजदूरों की गेटबंदी समाप्त की जाये, स्थाई काम पर नियोजित सभी मजदूरों को स्थाई किया जायें, बोनस अधिनियम लागू कराया जाये, फर्जी मुकदमें निरस्त किये जायें तथा महिलाओं व मजदूरों द्वारा दी गई तहरीर पर कार्रवाई की जाये। रोषित श्रमिक नेताओं ने कहा कि एक ओर अपनी न्यायोचित मोगों को लेकर श्रमिक निरंतर आन्दोलन कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर अधिकारी उद्योगों के प्रबंधतंत्र से मिलकर श्रमिकों के खिलाफ साजिश रचने में लगे हुए हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उद्योगों के श्रमिकों के अधिकार लेकर ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को नियमानुसार बोनस व ओवर टाईम का भुगतान नहीं किया जाता है। पंचायत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि पुलिस द्वारा किसी भी श्रमिक को गिरफ्तार किया गया तो उसके विरोध में सभी मजदूर जेल भरो आन्दोलन के (शेष पृष्ठ सात पर)



## मोबाईल टावरों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### नौ लाख की बैटरियों सहित तीन गिरफ्तार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन शाति चोरों को लाखों रूपये कीमत की चोरी की बैटरियों सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके ने बताया कि 27 मई को पंतनगर यूनिवर्सिटी के अंतर्गत जियो रिलायंस मोबाइल टावर से 7 लिथियम लायन बैटरी चोरी होने के संबंध में आयुष दुबे पुत्र छोटे लाल दुबे निवासी निजामाबाद रूपधामी जिला एटा उत्तर प्रदेश द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना पन्तनगर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज देखकर चोरों की तलाश शुरू की गई। उन्होंने बताया कि टीम ने गश्त के दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता ललित सिंह रावत पुत्र दीवान सिंह रावत निवासी छोई थाना रामनगर, दीपक पांडे पुत्र स्व. चंद्रपाल पांडे निवासी गेबुआ थाना कालाढूंगी तथा संदीप कुमार पुत्र काशीराम निवासी कैनाल रोड गली नंबर 25 गुमानी वाला थाना ऋषिकेश जिला टिहरी गढ़वाल बताया। उनके द्वारा संजय बन के पास झाडियों में छिपायी 7 लिथियम लायन मोबाइल जियो टावर बैटरी व रामनगर जिला नैनीताल क्षेत्र से चोरी की 5 लिथियम लायन मोबाइल जियो टावर की बैटरिया दिनेशपुर मोड़ के पास बरामद की गयी। टीम ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त वाहन कार संख्या यूके- 19- ए- 7155 को भी अपने कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हेमचंद्र सिंह, उप निरीक्षक प्रकाश राम विश्वकर्मा, उप निरीक्षक दिनेश रावत, कानि. राजेंद्र सिंह कोरंगा, भूपाल सिंह व पंकज कुमार शामिल थे।

## राफ्ट पलटने से नदी के बीच टापू पर फंसे चार लोग

चमोली (उद संवाददाता)। अलकनंदा नदी के किनारे कर्णप्रयाग के निकट लंगासू में एक राफ्ट पलट गई। इस राफ्ट में नौ लोग सवार थे। हादसे की जानकारी एसडीआरएफ को दी गई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा था। लेकिन अचानक नदी के एक तीव्र मोड़ पर राफ्ट पलट गई। उस राफ्ट में सवार सभी नौ लोग पानी में गिर गए। किसी तरह पांच लोग तैरकर किनारे तक पहुंच गए, लेकिन चार व्यक्ति नदी के बीच एक छोटे से टापू पर फंस गए थे। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)



## बगवाड़ा मण्डी के व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

### चुनाव व्यवस्था के दौरान दुकानों से मीटर व तारें उखाड़ने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बगवाड़ा मंडी फल एवं सब्जी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव मिड्ढा के नेतृत्व में मंडी व्यापारियों ने प्रशासनिक तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। श्री मिड्ढा का आरोप है कि मतदान तथा मतगणना के दौरान मंडी परिसर में जिला प्रशासन द्वारा ईवीएम मशीन रखने की व्यवस्था की गई थी। जिसके रखरखाव के दौरान विद्युत विभाग ने आढ़तियों की दुकानों में लगी बिजली की तारे, लाइट के बोर्ड, पंखे और एसी की केबिन के साथ सैकड़ो पंखे ले गए। उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में मंडी के आढ़ती परेशान है। उन्होंने कहा है कि हमारी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करेंगे। राजीव मिड्ढा ने कहा मतगणना के बाद एल पिछले (शेष पृष्ठ सात पर)



## गौमांस के साथ दो तस्कर दबोचे, तीन फरार

किच्छा(उद संवाददाता)। गोवंश संरक्षण स्क्वाड टीम ने गोवंश मांस के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन लोग फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार किच्छा गोवंश संरक्षण टीम को मुखविर से सूचना मिली कि इतवार शामिया की मजार के पास कुछ लोग नदी के किनारे गोकशी कर गोंमास बेचने का कार्य कर रहे हैं ।इस सूचना पर टीम ग्राम दरऊ की तरफ सज्जन मियां की मजार से थोड़ा आगे की तरफ पुराने बंद पड़े भट्टे से होते हुए आम के बगीचे में पहुंचे वहां बढ़ नदी के किनारे गोकशी पांच व्यक्ति बढ़ नदी के किनारे खाली स्थान पर मांस काटने व पन्नियों में रखने का कार्य कर रहे थे। गोवंश टीम के संजय कुमार व राजकुमार तथा बलवंत सिंह ने बताया कि चापड़ व चाकू से मांस काट रहे व्यक्ति का नाम असद कुरैशी पुत्र मोहम्मद अली तथा गुलफाम खान पुत्र रफीक अहमद निवासी दरऊ तथा मास को पनियों में रख रहे व्यक्तियों का नाम ताहिर पुत्र दूल्हाजान व अलीम पुत्र दूल्हाजान तथा आमिर खा उर्फ भोला पुत्र अफाक खा ग्राम दरऊ थाना किच्छा जिला उधम सिंह नगर बताया। मौके पर दबिश दी गई तो दो व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया तथा तीन व्यक्ति भागने में कामयाब हो गए जिसे कांस्टेबल संजय(शेष पृष्ठ 7 पर)



# नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीट पर जसपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रवार प्रत्याशियों को मिले मतों का विवरण

| Serial No. Of Polling Station | | No of Valid Votes Cast in favour of: AKHTAR ALI | AJAY BHATT | PRAKASH JOSHI | AKHALESH KUMAR | AMAR SINGH SAINI | JEEVAN CHANDRA UPRETI | SHIB SINGH | SURENDRA SINGH | RAMESH KUMAR MAX | HITESH PATHAK | Total of Valid Votes | No. Of Rejected Votes | Votes for NOTA | Total | No. Of Tendered Votes |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 20 | 172 | 368 | 7 | 0 | 4 | 0 | 1 | 1 | 1 | 574 | 0 | 1 | 575 | 0 |
| 2 | 2 | 4 | 283 | 389 | 8 | 3 | 2 | 3 | 1 | 0 | 2 | 695 | 0 | 2 | 697 | 0 |
| 3 | 3 | 32 | 157 | 631 | 2 | 1 | 3 | 3 | 2 | 5 | 3 | 839 | 0 | 3 | 842 | 0 |
| 4 | 4 | 89 | 339 | 355 | 6 | 1 | 5 | 1 | 2 | 1 | 1 | 800 | 0 | 3 | 803 | 0 |
| 5 | 5 | 7 | 538 | 155 | 0 | 1 | 1 | 3 | 0 | 2 | 3 | 710 | 0 | 4 | 714 | 0 |
| 6 | 6 | 24 | 502 | 117 | 5 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 653 | 0 | 4 | 657 | 0 |
| 7 | 7 | 87 | 240 | 170 | 7 | 3 | 0 | 0 | 6 | 3 | 0 | 516 | 0 | 2 | 518 | 0 |
| 8 | 8 | 37 | 412 | 94 | 6 | 1 | 1 | 2 | 4 | 0 | 3 | 560 | 0 | 0 | 560 | 0 |
| 9 | 9 | 14 | 345 | 156 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 527 | 0 | 2 | 529 | 0 |
| 10 | 10 | 33 | 239 | 107 | 3 | 1 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 387 | 0 | 3 | 390 | 0 |
| 11 | 11 | 18 | 367 | 241 | 4 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 635 | 0 | 1 | 636 | 0 |
| 12 | 12 | 5 | 411 | 102 | 0 | 9 | 0 | 1 | 2 | 3 | 0 | 533 | 0 | 4 | 537 | 0 |
| 13 | 13 | 12 | 363 | 167 | 6 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 549 | 0 | 0 | 549 | 0 |
| 14 | 14 | 1 | 517 | 145 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 673 | 0 | 0 | 673 | 0 |
| 15 | 15 | 3 | 349 | 394 | 1 | 4 | 0 | 3 | 2 | 1 | 2 | 759 | 0 | 4 | 763 | 0 |
| 16 | 16 | 1 | 32 | 684 | 3 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 724 | 0 | 2 | 726 | 0 |
| 17 | 17 | 6 | 178 | 226 | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 417 | 0 | 1 | 418 | 0 |
| 18 | 18 | 2 | 193 | 577 | 2 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 780 | 0 | 5 | 785 | 0 |
| 19 | 19 | 36 | 435 | 209 | 1 | 3 | 1 | 1 | 2 | 3 | 3 | 694 | 0 | 7 | 701 | 0 |
| 20 | 20 | 51 | 303 | 164 | 2 | 1 | 2 | 3 | 2 | 1 | 4 | 533 | 0 | 5 | 538 | 0 |
| 21 | 21 | 2 | 298 | 93 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 396 | 0 | 3 | 399 | 0 |
| 22 | 22 | 1 | 145 | 208 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 356 | 0 | 2 | 358 | 0 |
| 23 | 23 | 1 | 106 | 426 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 539 | 0 | 5 | 544 | 0 |
| 24 | 24 | 1 | 629 | 93 | 1 | 32 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 760 | 0 | 1 | 761 | 0 |
| 25 | 25 | 70 | 348 | 117 | 3 | 4 | 4 | 1 | 0 | 1 | 1 | 549 | 0 | 5 | 554 | 0 |
| 26 | 26 | 6 | 596 | 97 | 1 | 6 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 710 | 0 | 14 | 724 | 0 |
| 27 | 27 | 22 | 364 | 140 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 533 | 0 | 4 | 537 | 0 |
| 28 | 28 | 7 | 101 | 661 | 8 | 4 | 2 | 2 | 1 | 2 | 4 | 792 | 0 | 10 | 802 | 0 |
| 29 | 29 | 26 | 456 | 161 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 649 | 0 | 2 | 651 | 0 |
| 30 | 30 | 133 | 211 | 216 | 2 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 567 | 0 | 6 | 573 | 0 |
| 31 | 31 | 4 | 174 | 211 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 397 | 0 | 0 | 397 | 0 |
| 32 | 32 | 38 | 327 | 126 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 494 | 0 | 5 | 499 | 0 |
| 33 | 33 | 8 | 58 | 341 | 2 | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 415 | 0 | 2 | 417 | 0 |
| 34 | 34 | 1 | 79 | 96 | 2 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 182 | 0 | 4 | 186 | 0 |
| 35 | 35 | 0 | 112 | 490 | 5 | 4 | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 618 | 0 | 2 | 620 | 0 |
| 36 | 36 | 2 | 235 | 385 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 626 | 0 | 2 | 628 | 0 |
| 37 | 37 | 4 | 342 | 150 | 2 | 8 | 2 | 0 | 1 | 0 | 4 | 513 | 0 | 4 | 517 | 0 |
| 38 | 38 | 64 | 301 | 360 | 0 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 732 | 0 | 4 | 736 | 0 |
| 39 | 39 | 29 | 62 | 285 | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | 8 | 1 | 390 | 0 | 1 | 391 | 2 |
| 40 | 40 | 1 | 385 | 101 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 491 | 0 | 1 | 492 | 0 |
| 41 | 41 | 1 | 428 | 50 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 482 | 0 | 2 | 484 | 0 |
| 42 | 42 | 29 | 371 | 96 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 498 | 0 | 2 | 500 | 0 |
| 43 | 43 | 8 | 101 | 462 | 4 | 0 | 3 | 0 | 2 | 1 | 0 | 581 | 0 | 4 | 585 | 0 |
| 44 | 44 | 2 | 200 | 163 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 370 | 0 | 3 | 373 | 0 |
| 45 | 45 | 2 | 108 | 390 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | 1 | 510 | 0 | 1 | 511 | 0 |
| 46 | 46 | 6 | 66 | 602 | 8 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 692 | 0 | 3 | 695 | 1 |
| 47 | 47 | 3 | 97 | 617 | 5 | 0 | 2 | 0 | 2 | 1 | 2 | 729 | 0 | 3 | 732 | 0 |
| 48 | 48 | 7 | 457 | 116 | 5 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 588 | 0 | 1 | 589 | 0 |
| 49 | 49 | 3 | 321 | 352 | 3 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 686 | 0 | 3 | 689 | 0 |
| 50 | 50 | 3 | 105 | 475 | 4 | 0 | 1 | 2 | 0 | 3 | 0 | 593 | 0 | 5 | 598 | 0 |
| 51 | 51 | 0 | 211 | 268 | 5 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 487 | 0 | 1 | 488 | 0 |
| 52 | 52 | 8 | 288 | 350 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 652 | 0 | 1 | 653 | 0 |
| 53 | 53 | 28 | 607 | 104 | 2 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 744 | 0 | 4 | 748 | 0 |
| 54 | 54 | 4 | 281 | 137 | 0 | 1 | 3 | 2 | 0 | 2 | 1 | 431 | 0 | 2 | 433 | 0 |
| 55 | 55 | 31 | 401 | 239 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 674 | 0 | 1 | 675 | 0 |
| 56 | 56 | 39 | 517 | 130 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 2 | 691 | 0 | 6 | 697 | 0 |
| 57 | 57 | 0 | 458 | 120 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 579 | 0 | 2 | 581 | 0 |
| 58 | 58 | 1 | 253 | 608 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 866 | 0 | 1 | 867 | 0 |
| 59 | 59 | 1 | 24 | 542 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 568 | 0 | 0 | 568 | 0 |
| 60 | 60 | 3 | 45 | 555 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 607 | 0 | 3 | 610 | 0 |
| 61 | 61 | 3 | 545 | 80 | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 633 | 0 | 2 | 635 | 0 |
| 62 | 62 | 2 | 559 | 107 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 4 | 675 | 0 | 4 | 679 | 0 |
| 63 | 63 | 0 | 546 | 54 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 605 | 0 | 5 | 610 | 0 |
| 64 | 64 | 2 | 89 | 487 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 583 | 0 | 4 | 587 | 0 |
| 65 | 65 | 3 | 25 | 785 | 9 | 0 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 830 | 0 | 3 | 833 | 0 |
| 66 | 66 | 2 | 11 | 592 | 2 | 2 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | 614 | 0 | 5 | 619 | 0 |
| 67 | 67 | 2 | 11 | 454 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 4 | 0 | 475 | 0 | 4 | 479 | 0 |
| 68 | 68 | 1 | 101 | 424 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 527 | 0 | 1 | 528 | 0 |
| 69 | 69 | 7 | 31 | 730 | 5 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 775 | 0 | 1 | 776 | 0 |
| 70 | 70 | 0 | 11 | 655 | 6 | 0 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 678 | 0 | 3 | 681 | 0 |
| 71 | 71 | 2 | 45 | 481 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 534 | 0 | 0 | 534 | 0 |
| 72 | 72 | 4 | 22 | 562 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 593 | 0 | 3 | 596 | 0 |
| 73 | 73 | 4 | 12 | 597 | 4 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 622 | 0 | 1 | 623 | 0 |
| 74 | 74 | 3 | 24 | 508 | 8 | 0 | 2 | 0 | 1 | 3 | 1 | 550 | 0 | 2 | 552 | 0 |
| 75 | 75 | 0 | 70 | 363 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 439 | 0 | 3 | 442 | 0 |
| 76 | 76 | 3 | 24 | 495 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 526 | 0 | 1 | 527 | 0 |
| 77 | 77 | 10 | 163 | 424 | 2 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 604 | 0 | 2 | 606 | 0 |
| 78 | 78 | 33 | 605 | 79 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 2 | 725 | 0 | 1 | 726 | 0 |
| 79 | 79 | 5 | 506 | 136 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 652 | 0 | 2 | 654 | 0 |
| 80 | 80 | 14 | 196 | 49 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 262 | 0 | 3 | 265 | 0 |
| 81 | 81 | 3 | 394 | 184 | 2 | 9 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 594 | 0 | 1 | 595 | 0 |
| 82 | 82 | 13 | 238 | 339 | 3 | 1 | 1 | 3 | 1 | 2 | 2 | 603 | 0 | 3 | 606 | 0 |
| 83 | 83 | 36 | 534 | 284 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 864 | 0 | 3 | 867 | 0 |
| 84 | 84 | 107 | 355 | 100 | 4 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 3 | 574 | 0 | 4 | 578 | 0 |
| 85 | 85 | 35 | 103 | 319 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 463 | 0 | 0 | 463 | 0 |
| 86 | 86 | 47 | 324 | 322 | 3 | 1 | 1 | 4 | 0 | 1 | 1 | 704 | 0 | 3 | 707 | 0 |
| 87 | 87 | 1 | 719 | 144 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 870 | 0 | 5 | 875 | 0 |
| 88 | 88 | 8 | 405 | 198 | 1 | 3 | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | 620 | 0 | 7 | 627 | 0 |
| 89 | 89 | 1 | 88 | 102 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 194 | 0 | 2 | 196 | 0 |
| 90 | 90 | 29 | 347 | 220 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 2 | 2 | 605 | 0 | 1 | 606 | 0 |
| 91 | 91 | 7 | 463 | 305 | 4 | 4 | 1 | 1 | 4 | 2 | 4 | 795 | 0 | 7 | 802 | 0 |
| 92 | 92 | 2 | 240 | 366 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 | 2 | 5 | 621 | 0 | 4 | 625 | 0 |
| 93 | 93 | 2 | 122 | 180 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 306 | 0 | 2 | 308 | 0 |
| 94 | 94 | 2 | 215 | 200 | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 425 | 0 | 1 | 426 | 0 |
| 95 | 95 | 5 | 490 | 193 | 1 | 2 | 2 | 4 | 1 | 5 | 5 | 708 | 0 | 5 | 713 | 0 |
| 96 | 96 | 4 | 538 | 84 | 2 | 5 | 4 | 2 | 3 | 4 | 2 | 648 | 0 | 7 | 655 | 0 |
| 97 | 97 | 18 | 536 | 121 | 3 | 3 | 3 | 1 | 1 | 2 | 6 | 694 | 0 | 12 | 706 | 0 |
| 98 | 98 | 1 | 166 | 334 | 5 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 509 | 0 | 5 | 514 | 0 |
| 99 | 99 | 1 | 213 | 157 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 371 | 0 | 1 | 372 | 0 |
| 100 | 100 | 4 | 343 | 385 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 734 | 0 | 2 | 736 | 0 |
| 101 | 101 | 3 | 116 | 493 | 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 621 | 0 | 3 | 624 | 0 |
| 102 | 102 | 33 | 328 | 177 | 5 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 545 | 0 | 0 | 545 | 0 |
| 103 | 103 | 4 | 271 | 246 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 6 | 1 | 531 | 0 | 2 | 533 | 0 |
| 104 | 104 | 1 | 224 | 75 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 4 | 307 | 0 | 1 | 308 | 0 |
| 105 | 105 | 1 | 207 | 104 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 318 | 0 | 3 | 321 | 0 |
| 106 | 106 | 3 | 322 | 165 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 | 498 | 0 | 3 | 501 | 0 |
| 107 | 107 | 97 | 501 | 243 | 1 | 3 | 0 | 1 | 1 | 2 | 2 | 851 | 0 | 6 | 857 | 0 |
| 108 | 108 | 1 | 375 | 257 | 4 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 2 | 643 | 0 | 0 | 643 | 0 |
| 109 | 109 | 49 | 482 | 200 | 3 | 4 | 1 | 2 | 1 | 2 | 3 | 747 | 0 | 3 | 750 | 0 |
| 110 | 110 | 4 | 96 | 204 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 2 | 312 | 0 | 1 | 313 | 0 |
| 111 | 111 | 188 | 174 | 293 | 5 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 4 | 669 | 0 | 2 | 671 | 0 |
| 112 | 112 | 123 | 304 | 187 | 10 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 632 | 0 | 4 | 636 | 0 |
| 113 | 113 | 4 | 61 | 626 | 7 | 3 | 2 | 1 | 1 | 3 | 0 | 708 | 0 | 8 | 716 | 0 |
| 114 | 114 | 8 | 170 | 381 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 7 | 0 | 570 | 0 | 2 | 572 | 0 |
| 115 | 115 | 4 | 147 | 342 | 4 | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 3 | 506 | 0 | 9 | 515 | 0 |
| 116 | 116 | 136 | 403 | 270 | 4 | 1 | 2 | 0 | 0 | 3 | 1 | 820 | 0 | 6 | 826 | 0 |
| 117 | 117 | 10 | 328 | 316 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 662 | 0 | 3 | 665 | 0 |
| 118 | 118 | 3 | 68 | 650 | 6 | 3 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 734 | 0 | 7 | 741 | 0 |
| 119 | 119 | 6 | 23 | 594 | 4 | 1 | 1 | 2 | 3 | 2 | 0 | 636 | 0 | 3 | 639 | 0 |
| 120 | 120 | 203 | 124 | 174 | 9 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 513 | 0 | 2 | 515 | 0 |
| 121 | 121 | 156 | 109 | 263 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 536 | 0 | 2 | 538 | 0 |
| 122 | 122 | 210 | 167 | 217 | 5 | 0 | 3 | 1 | 3 | 3 | 5 | 614 | 0 | 3 | 617 | 0 |
| 123 | 123 | 6 | 103 | 508 | 5 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 3 | 629 | 0 | 3 | 632 | 0 |
| 124 | 124 | 4 | 100 | 575 | 4 | 4 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 691 | 0 | 3 | 694 | 0 |
| 125 | 125 | 4 | 91 | 548 | 6 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 654 | 0 | 5 | 659 | 0 |
| 126 | 126 | 3 | 40 | 621 | 5 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 674 | 0 | 2 | 676 | 0 |
| 127 | 127 | 13 | 450 | 379 | 6 | 3 | 1 | 1 | 2 | 2 | 5 | 862 | 0 | 4 | 866 | 0 |
| 128 | 128 | 74 | 285 | 203 | 2 | 1 | 5 | 0 | 1 | 1 | 3 | 575 | 0 | 5 | 580 | 0 |
| 129 | 129 | 71 | 339 | 272 | 6 | 5 | 2 | 2 | 1 | 9 | 4 | 711 | 0 | 8 | 719 | 0 |
| 130 | 130 | 3 | 394 | 136 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 539 | 0 | 4 | 543 | 0 |
| 131 | 131 | 38 | 643 | 103 | 4 | 2 | 1 | 0 | 2 | 3 | 2 | 798 | 0 | 3 | 801 | 0 |
| 132 | 132 | 26 | 290 | 183 | 6 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 2 | 512 | 0 | 4 | 516 | 0 |
| 133 | 133 | 14 | 723 | 148 | 4 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 900 | 0 | 6 | 906 | 0 |
| 134 | 134 | 34 | 482 | 98 | 0 | 2 | 0 | 1 | 1 | 2 | 4 | 624 | 0 | 6 | 630 | 0 |
| 135 | 135 | 38 | 396 | 96 | 7 | 4 | 2 | 2 | 1 | 2 | 5 | 553 | 0 | 3 | 556 | 0 |
| 136 | 136 | 28 | 652 | 134 | 10 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 3 | 831 | 0 | 4 | 835 | 0 |
| 137 | 137 | 3 | 308 | 185 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 1 | 1 | 502 | 0 | 6 | 508 | 0 |
| 138 | 138 | 3 | 162 | 145 | 2 | 3 | 4 | 1 | 1 | 3 | 1 | 325 | 0 | 1 | 326 | 0 |
| 139 | 139 | 7 | 362 | 161 | 3 | 3 | 3 | 3 | 0 | 7 | 7 | 556 | 0 | 6 | 562 | 0 |
| 140 | 140 | 115 | 169 | 326 | 9 | 2 | 0 | 2 | 2 | 4 | 1 | 630 | 0 | 1 | 631 | 0 |
| 141 | 141 | 14 | 169 | 590 | 7 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 785 | 0 | 4 | 789 | 0 |
| 142 | 142 | 5 | 83 | 501 | 3 | 0 | 4 | 1 | 0 | 3 | 0 | 600 | 0 | 3 | 603 | 0 |
| 143 | 143 | 5 | 159 | 557 | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 730 | 0 | 1 | 731 | 0 |
| 144 | 144 | 1 | 62 | 690 | 5 | 0 | 1 | 0 | 2 | 8 | 2 | 771 | 0 | 8 | 779 | 0 |
| 145 | 145 | 13 | 729 | 112 | 7 | 3 | 1 | 2 | 0 | 1 | 4 | 872 | 0 | 1 | 873 | 0 |
| Total EVM Votes | | 3276 | 39663 | 42931 | 454 | 237 | 171 | 108 | 110 | 217 | 229 | 87396 | 0 | 467 | 87863 | 3 |

# श्रद्धालुओं को थार में घुमाने का वीडियो वायरल!

## केदारनाथ में बीमार और बुजुर्ग श्रद्धालुओं को हैलीपैड से मंदिर तक पहुंचाने के लिए थार वाहन से किया जा रहा रेस्क्यू



देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ में कुछ ही दिन पहले थार गाड़ी को चिनुक हेलिकॉप्टर के जरिए धाम में पहुंचाया गया है। जिसके बाद विपक्ष के साथ-साथ वहां के पंडा पुरोहितों और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध भी किया। जिसके बाद सरकार द्वारा कहा गया कि इसे धाम में बुजुर्ग श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा भेजा गया है। इसी बीच हैलीपेड से मंदिर तक थार में जाते हुए कुछ स्वस्थ श्रद्धालु का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य सचिव ने इसका संज्ञान लिया और सख्त निर्देश जारी किए हैं। केदारनाथ में इन दिनों थार आज कल चर्चाओं का विषय बनी हुई है। इसके यहां पहुंचने से लेकर श्रद्धालुओं को ले जाने पर चर्चाएं ही हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें कुछ स्वस्थ लोग 3-4 पुरुष और महिलाएं थार से मंदिर तक पहुंचे थे। इस वीडियो के वायरल होने के बाद से ही एक बार फिर केदारनाथ में थार पर सवाल उठने लगे हैं। थार में बैठे स्वस्थ व्यक्तियों की ये विडियो वायरल होने के बाद लोगों के साथ ही विपक्ष ने भी इस मुद्दे पर सवाल उठा रहा है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भी वायरल वीडियो के बाद इसका संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा केदार धाम में पर्यटन विभाग की ओर से थार को इसलिए मंगवाया गया था ताकि अस्वस्थ श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुँचाया जाए। लेकिन वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है और इस पर अब कार्रवाई की जाएगी। जिस संबंधित अधिकारी ने भी स्वस्थ लोगों को थार से मंदिर तक आने की परमिशन दी है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी को मुख्य सचिव की ओर से दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। विपक्ष भी वायरल वीडियो पर सवाल खड़े कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि हम पहले दिन से ही केदारनाथ में थार वहां को पहुंचाने के विरोध में थे और केदार धाम में पर्यावरण की स्थिति को देखते हुए ऐसा निर्णय सरकार द्वारा नहीं लेना चाहिए था। मगर कुछ वीआईपी और खास मेहमानों को दर्शन कराने के लिए इसका वहां पर प्रबंध किया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कांग्रेस को सरकार की कोई भी अच्छे कार्य दिखाई नहीं देते। कांग्रेस हमेशा सवाल खड़े करने का काम करती है। इसके साथ ही भाजपा का कहना है कि जहां तक बात वायरल वीडियो की है तो इसका संज्ञान लिया जाएगा और जांच की जाएगी।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए केदारनाथ धाम पहुंचे हैं दो महिंद्रा थार वाहन

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा में महिन्द्रा के दो थार वाहन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य बिगड़ने पर तीर्थयात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है। केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं को सांस लेने और सीने में दर्द की समस्या होती है। स्वास्थ्य बिगड़ने पर आपातकाल सेवा में थार वाहन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। हर दिन बीमार एवं असहाय लोगों का गाड़ी से रेस्क्यू भी किया जा रहा है। धाम पहुंच रहे तीर्थयात्रियों का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाने से लेकर उन्हें हेलीपैड तक ले जाने में थार वाहन मददगार साबित हो रहे हैं। ऐसे में तीर्थयात्रियों में भी खुशी देखने को मिल रही है और वे धाम में मिल रही सुविधाओं पर जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं। वहीं थार वाहन के उपयोग से यात्रियों को राहत मिल रही है।

# सीएम योगी की मां सावित्री देवी को एम्स में मिली छुट्टी

ऋषिकेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी को आवश्यक उपचार तथा जांच के बाद शनिवार को एम्स ऋषिकेश से छुट्टी दे दी गई है। पौड़ी जनपद के यमकेश्वर प्रखंड में पंचूर गांव निवासी 80 वर्षीय सावित्री देवी को कुछ दिनों से आंखों में जलन तथा खुजली की शिकायत थी।



जिसके बाद उन्हें छह जून गुरुवार शाम एम्स ऋषिकेश लाया गया था। एम्स की नेत्र विशेषज्ञ डा. नीति गुप्ता ने उनकी जांच व उपचार किया। एम्स ऋषिकेश के जनसंपर्क अधिकारी डा. संदीप सिंह ने बताया कि उनकी आंखों में हुआ संक्रमण ठीक होने और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच सामान्य आने पर उन्हें शनिवार को एम्स से छुट्टी दे दी गई है।



# जनजागरूकता के लिए किच्छा पुलिस ने छेड़ा अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा एक बार पुनः सक्रिय भूमिका में लग गए हैं। कोतवाली परिसर, चौकी परिसर में साफ सफाई हो रात्रि गश्त या दिन की गश्त हो हर कोने पर कोतवाली प्रभारी ड्यूटी पर सतर्क हैं वही कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पढ़ने वाले प्रत्येक चौकी पर भी ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह चेकिंग अभियान अपराधियों के लिए खतरे की घंटी बना हुआ है। विगत दिनों भी कोतवाली प्रभारी सुंदरम पकड़ के साथ-साथ चोरी के वाहनों की आवाजाही को रोकने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही कोतवाली परिसर ,कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सभी चौकियों में साफ सफाई का अभियान भी ताबड़तोड़ तरीके से चलाया जा रहा है। व्यवस्था को दुरुस्त करना नगर क्षेत्र में एक चुनौती बना हुआ है जिसमें महाराणा प्रताप चौक ,दीनदयाल चौक, आदित्य चौक, दरऊ चोरहा के अलावा हल्द्वानी रोड काली मंदिर के साथ-साथ मुख्य बाजार में भी यातायात को दुरुस्त करने जाम का एक मुख्य कारण बनती दिखाई दे रही है जिसके लिए आम नागरिकों को अब अंडर पास की आवश्यकता महसूस हो रही है यही नहीं अब आम जनता हाईवे पर ओवर ब्रिज की भी मांग करने का मन बना रहे हैं लेकिन अभी भी मानना है कि एम्स के साथ-साथ अन्य औद्योगिक संस्थानों के खुरपिया फार्म में स्थापित होने पर वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ जाएगा जिस वजह से जाम लगना निश्चित है समय रहते यदि नगर को ओवर ब्रिजों से नहीं जोड़ा गया






सुंदर शर्मा द्वारा विशेष कार्य योजना के तहत नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में रात्रि प्रत्येक बिंदु पर बनाए गए चेकिंग अभियान रात्रि ड्यूटी गश्त की लाइव फोटो सुंदर शर्मा द्वारा प्रत्येक क्षण मांगी जा रही है जिससे हल्के व बीट में तैनात सिपाही अपने शर्मा द्वारा दरऊ पुलिस चौकी इंचार्ज के साथ मिलकर तथा लालपुर चौकी इंचार्ज कोलकाता चौकी इंचार्ज से तालमेल बनाकर समय-समय पर औचक चेकिंग अभियान चलाकर नशे के कार्य में लिप्त लोगों की घर पकड़ अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की धर साथ में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी नगर सहित नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी चौराहों पर सिपाहियों को तैनात कर तथा सड़क पर व्यवसाईयों द्वारा की गए अतिक्रमण को भी हटाते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है यातायात के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है लेकिन फिर भी यातायात की व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है जिसकी मुख्य वजह नगर में बेतहाशा टुकटुक वाहनों की वृद्धि के साथ-साथ दोपहिया व चौपाइयां वहां भी है इसके अलावा ट्रेनों की बढ़ती संख्या भी नगर क्षेत्र में तक किसी भी राजनीतिक सामाजिक संगठन द्वारा नगर क्षेत्र में ओवरब्रिज की मांग नहीं की गई है जबकि लोगों का मानना है कि नेशनल हाईवे पर पुलभट्टे से लेकर के रुद्रपुर रोड और हल्द्वानी रोड को ओवरब्रिज से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक हो गया है। आम नागरिकों का तो आने वाले समय में किच्छा से अन्य स्थानों को जाने पर घंटे जाम में यात्रियों को फसना ही पड़ेगा बरहाल अभी तक कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा यातायात व्यवस्था , अपराधों को नियंत्रण में करने के लिए किया जा रहे प्रयासों के क्रम में आम जनता को कुछ राहत प्रदान हो रही है।

# दहेज व तीन तलाक के आरोप मे पति समेत पांच लोगों पर केस दर्ज

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। नगर की एक महिला ने दहेज की मांग करके तलाक देने को लेकर अपने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है। प्राथमिकी नहीं लिखे जाने के उपरांत महिला ने न्यायालय की सहायता से अपने ससुराल पक्ष के 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है । तीन तलाक और दहेज की मांग के उत्पीड़न को लेकर न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद केलाखेड़ा थाना पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम , मुस्लिम विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम तथा मारपीट के आरोप में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बता दें कि केलाखेड़ा वार्ड न 4 निवासी हिना पुत्री लियाकत अली ने अपने ससुरालयों पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके ससुराल उसे दहेज में बोलेरो तथा दो लाख रुपये की मांग लगातार करते हैं। उसने तहरीर देकर बताया कि दिसंबर 2020 में उसका विवाह नूर हसन पुत्र अब्दुल हसन निवासी ताकुमारिया थाना मिलक जिला रामपुर के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही उसके पति वह अन्य ससुराल द्वारा लगातार दहेज की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसके पति द्वारा तीन तलाक देकर उसको घर से निकाल दिया गया था। उक्त मामले की शिकायत केलाखेड़ा थाने में की गई किंतु मुकदमा ज्यादा दर्ज न होने पर पीड़िता ने अपने अधिवक्ता जाकिर हुसैन अंसारी के माध्यम से अपर सिविल जज न्यायिक मजिस्ट्रेट बाजपुर न्यायालय में शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस में पति नूर हसन समेत, रजीना, अब्दुल हसन, नवी हसन, शरीफ जहां व नाजिम के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4, मुस्लिम महिला अधिनियम 2019 की धारा 3 व 4 आईपीसी की धारा 323 498 ए 504 506 तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।


## श्री बाला जी दरबार एवं भण्डारा

बाबा विश्वनाथ मॉ जगदीशीली डोली की 25वी रथ यात्रा के स्वागत के उपलक्ष्य में श्री बाला जी का दरबार एवं भण्डारा

दिनांक 9 जून 2024, दिन रविवार रात्रि 8.00 बजे से

स्थान-गणेश गार्डन,होटल कोरियन्थन,तीन पानी डाम रोड,रूद्रपुर

निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट ,रूद्रपुर


# कोतवाल ने की घरों पर सीसी टीवी कैमरे लगाने की अपील

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने नगर की जनता से अनुरोध किया है कि अपराधों की रोकथाम के लिए अपने वार्डों व घरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।उन्होने किच्छा के सभी सम्मानित जन मानस से अपील करते हुए कहा है कि आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग सीसीटीवी कैमरे उपयोग व्यक्तिगत दृष्टिकोण में न रखकर समाज हित में वार्डों व अपने घरों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की कोशिश करें। जिससे कैमरे में क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और होने वाले अपराधों पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम लोग अपनी तथा अपनी अमूल्य संपत्ति की सुरक्षा हेतु वेतनिक सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति करते है तो मासिक तौर पर 10 से 12 हजार रुपए व्यय करते है, फिर भी 24 घंटे सुरक्षा होना संभव नहीं है, यदि आप एक बार 10 हजार रुपए खर्च कर सीसीटीवी



लगाते है तो सीसीटीवी कैमरा 24 घंटे लगातार आपकी संपत्ति की बिना पलक झपके निगरानी करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया है कि अपने-अपने बजट से भी नगर को सुरक्षा की दृष्टि से चार चौबंद करने के लिए प्रत्येक स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगवा कर पुलिस का सहयोग कर सकते हैं उन्होंने कहा कि शहर में जितने अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाकर उनके कनेक्टिविटी कोतवाली से की जाएगी उतनी ही अपराधों में कमी आएगी उन्होंने यहां भी अपील की है कि यदि कोई सामाजिक व्यक्ति चाहे तो सीसी टीवी कैमरे लगाकर उनका नियंत्रण कोतवाली से करवा सकता है जिसमें पुलिस की पैनी नजर 24 घंटे शहर के कोने-कोने में बनी रहेगी जहां अपराधों पर नियंत्रण होगा वहीं सड़कों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायल लोगों को आतिश शीघ्र पुरुष की मदद भी प्राप्त होगी तथा घायलों की जान बचाने में भी मदद मिलेगी।

# नीट परीक्षा में धांधली के आरोप पर एनएसयूआई ने फूंका एनटीए का पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नीट परीक्षा में धांधली की आशंका जाहिर करते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एनटीए का पुतला दहन किया। सरकार पर शुशासन का झूठा दावा दिखाकर जनता को भ्रष्टाचार में डुबोने का आरोप लगाया, वही शिक्षा का बाजारीकरण करने तथा घोटालेबाज एजेंसी के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की है। मांग नहीं माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष कमलेश गड़िया के नेतृत्व में छात्र शनिवार को एसबीआई तिराहे एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि नीट की परीक्षा के पैटर्न के अनुसार 719 या 718 नंबर आना संभव ही नहीं है। एक ही परीक्षा सेंटर से पांच से अधिक छात्रों का टॉप रैंक स्टूडेंट्स में होना सवाल खड़े करता है। घोटाले की इस खबर को जानबूझकर छिपाने के लिए परिणाम को जल्दबाजी में चुनावी रिजल्ट के टाइम जारी किया गया तांकि यह मुद्दा गायब हो जाए। वक्ताओं ने



कहा कि सभी महत्वपूर्ण परीक्षाओं जैसे जेईई, नीट, नेट, क्लट को प्राइवेट घोटालेबाज संस्था एनटीए को मोदी सरकार ने सौंपकर यह बता दिया है कि वे शिक्षा के निजीकरण में विश्वास रखते हैं। जब-जब शिक्षा पूंजीपतियों के हाथ में सौंपी जाएगी गरीबों के साथ अन्याय होगा। नीट परीक्षा के आयोजन के साथ ही पेपर लीक के आरोप लग गए थे। सोशल मीडिया पर पेपर था। पुलिस ने कई राज्यों में लोगों को गिरफ्तार किया। पर फिर भी कोई एक्शन नहीं हुआ। आज छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। 600 नंबर लाकर भी असमंजस में है कि उसे सीट मिलेगी या नहीं। उन्होंने एनटीए के इस नीट घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की है। मांग करने वालों में छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रेम दानू, हरीश नेगी, राहुल बाराकोटी, बसंत गोस्वामी, पंकज पपोला, मनीष, गौरव व संस्कार भारती आदि थे।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में विज्ञान और तकनीक की अहम भूमिका: राज्यपाल

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन नैनीताल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के प्रयोग से निर्मित 'राजभवन मैत्री चैटबॉट' का लोकार्पण किया। गौरतलब है कि राज्यपाल ने अपने पांच प्रमुख मिशन में एआई को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। इसी क्रम में मैत्री चैटबॉट एआई तकनीक से युक्त एक अभिनव प्रयास है जिसमें राज्यपाल के विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी। उपयोगकर्ता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। यह चैटबॉट राजभवन की वेबसाइट पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर मैत्री चैटबॉट के निर्माणकर्ता श्री सिद्धार्थ माधव ने चैटबॉट के निर्माण एवं उपयोग संबंधी जानकारियां विस्तृत रूप से प्रस्तुत की।राज्यपाल ने कहा कि 'मैत्री' केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह एक माध्यम है जिसके द्वारा हम नवाचार को साकार करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक ज्ञान और सहायता पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस चैटबॉट के माध्यम से हमारी भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए उपयोगकर्ता अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के युवा नई टेक्नोलॉजी को आत्मसात कर रहे हैं। उन्होंने आह्वान



किया कि हमें अपनी क्षमता को पहचान कर राष्ट्र के विकास में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक प्रयोग से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा जिसमें एआई की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।राज्यपाल ने कहा कि 2047 तक का समय एक ऐसा कालखंड है जिसमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर देश के निर्माण में हमारी अमृत पीढ़ी की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि विकास की यात्रा में और मानवता के कल्याण में टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम उपयोग बहुत सहायक सिद्ध होगा।राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के साथ-साथ जिज्ञासा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा में दूरगामी सुधार भी लागू किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवाओं में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में विज्ञान और तकनीक की अहम भूमिका होगी। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं मण्डल डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत, उप जिलाधिकारी नैनीताल पीआर चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल पी.एन. मीणा, महानिदेशक यूकॉस्ट डॉ. दुर्गेश पंत, वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# उत्तराखंड को मिलेगा 'क्लीन स्वीप' का तोहफा

## मोदी कैबिनेट में एंट्री को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म, अजय टम्टा ,अजय भट्ट और अनिल बलूनी प्रबल दावेदार

देहरादून(उद ब्यूरो)। देश में एक बार फिर 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद एनडीए गठबंधन और बीजेपी गदगद है।वहीं लगातार तीसरी बार अपने ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए देश के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में सियासी छाप छोड़ चुके पीएम नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर एनडीए सरकार की बागडोर संभालने जा रहे हैं। इसके साथ ही कुछ कैबिनेट मंत्री भी उनके साथ शपथ लेंगे। ऐसे में उत्तराखंड की नजर भी मोदी मंत्रिमंडल पर लगी हुई है। इस बात को लेकर चर्चाओं के बाजार गर्म हैं कि उत्तराखंड से भी कोई मोदी मंत्रिमंडल में एंट्री ले सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब कल तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे तो सबकी नजरें उनके मंत्रिमंडल पर भी होगी कि आखिरकार एनडीए के सहयोगी दलों में किस–किस दल को कितने मंत्री पद दिए जाते हैं। लेकिन राज्यों की नजरें भी मोदी मंत्रिमंडल पर लगी हुई हैं। अगर उत्तराखंड की बात करें तो उत्तराखंड की जनता की नजर भी मोदी मंत्रिमंडल पर लगी हुई है। आखिर इस बार भी जब उत्तराखंड की जनता ने फिर से पांचो की पांचो लोकसभा सीट बीजेपी की झोली में डाली हैं, तो क्या इस बार मंत्रिमंडल में एक से ज्यादा सीटें क्या उत्तराखंड को मिल सकती हैं ? जब से केंद्र में भाजपा की सरकार रही है तो भाजपा ने हमेशा से ही उत्तराखंड को मंत्रिमंडल में जगह देने का काम किया। ऐसे में इस बार भी उम्मीद की जा रही है कि उत्तराखंड से किसी सांसद को मंत्रिमंडल में जगह मिल जाएगी। अटल सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में जहां बीसी खंडूरी को मंत्रिमंडल में जगह मिली थी। तो वहीं केंद्रीयराज्य मंत्री के रूप में बच्ची सिंह रावत को भी जगह मिली थी। उत्तराखंड गठन के समय भी दोनों मंत्री अटल सरकार में मौजूद थे। यूपीए 2 सरकार में हरीश रावत को कैबिनेट मंत्री के रूप में मनमोहन सरकार में जगह मिली थी। तो वहीं 2014 में मोदी सरकार जब पहली बार केंद्र में आई थी तो अल्मोड़ा से सांसद अजय टम्टा को केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप जगह मिली थी। 2019 में मोदी सरकार फिर से आने पर हरिद्वार से सांसद रहे रमेश पोखरियाल निशंक को कैबिनेट मंत्री में जगह दी गई थी। जब रमेश पोखरियाल निशंक की कैबिनेट मंत्री से छुट्टी हुई तो फिर नैनीताल से सांसद अजय भट्ट को केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में जगह मिली। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी केंद्रीय मंत्री के रूप में किसी सांसद को जगह मिल जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है की पूरी उम्मीद है कि उत्तराखंड को मंत्रिमंडल के रूप में जगह मिलेगी। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि उन्हें लगता है कि इस बार एक नहीं दो मंत्रियों को उत्तराखंड से मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिलनी चाहिए। जिसके बाद से चर्चाएं हैं कि दो मंत्रियों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। उत्तराखंड से कैबिनेट में किसे जगह मिलेगी इसको लेकर जहां मंथन हो रहा है। वहीं एनडीए के सहयोगी दलों के कितने सांसदों को कैबिनेट मंत्री में जगह मिलेगी इस पर भी मंथन चल रहा है। उत्तराखंड से किस सांसद को मंत्री बनाया जाएगा इस पर भी मंथन चल रहा है। मंत्री पद की दौड़ में सबसे प्रबल दावेदार गढ़वाल लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर आए अनिल बलूनी को बताया जा रहा है। इसके पीछे की वजह ये है कि अनिल बलूनी मोदी शाह के सबसे खास नेताओं में एक माने जाते हैं। इसके साथ ही बलूनी उनकी टीम का हिस्सा भी माने जाते हैं। हांलाकि कुमाऊं मंडल से सबसे रिकार्ड मतों से तीज हासिल करने वाले नैननीताल लोकसभा सीट से भाजपा सांसद अजय भट्ट को भी भी राज्य से एक बार फिर प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। अनिल बलूनी के अलावा जिन नाम पर चर्चा हो रही होगी उनमें अजय भट्ट, अजय टम्टा और त्रिवेंद्र सिंह रावत का भी नाम शामिल है। कांग्रेस का भी मानना है कि इस बार उत्तराखंड को कम से कम दो मंत्री पद मिलने चाहिए। वहीं उत्तराखंड में बीजेपी आलाकमान भी केंद्रीय मंत्रीमंडल में उत्तराखंड की भूमिका को लेकर मंथन में जुटा हुआ है। प्रदेश में केंद्र सरकार के कई प्रोजेक्ट परियोजनाओं पर कार्य चल रहे हैं । हिमालयी राज्यों में विकास को गति देने के लिए उत्तराखंड और हिमाचल से सांसदों को अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद की जा रहा है।

### ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रदेश के सभी मंत्री और विधायक समेत 300 से ज्यादा भाजपा नेता पहुंचे दिल्ली



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के रविवार को होने वाले ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह पर उत्तराखंड की भी नजर टिकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि पिछली दो सरकारों की भांति इस बार भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्य को प्रतिनिधित्व मिलेगा। उधर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत तीन सौ से ज्यादा भाजपा नेता मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे। अधिकांश नेता रविवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना होंगे। देवभूमि उत्तराखंड से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष अनुराग है। उनके पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में उत्तराखंड के विकास के लिए बड़ी संख्या में केंद्र पोषित परियोजनाएं राज्य को मिली हैं। राज्य की जनता भी वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री के साथ मजबूती से खड़ी है। यह इससे भी साबित होता है कि राज्य में लोकसभा की सभी पांचों सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर भाजपा ने इतिहास रचा है। इसके साथ ही उत्तराखंड उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां भाजपा ने इस बार हैट–ट्रिक लगाते हुए क्लीन स्वीप किया है। उधर मोदी सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर प्रदेश भाजपा में उत्साह है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक दिन पहले तक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले नेताओं की संख्या 150 के लगभग थी, जो अब 300 पार कर गई है। पहले तय किया गया था कि राज्य की भाजपा सरकार के मंत्री व विधायक, सभी सांसद, राज्यसभा सदस्य, निवर्तमान सांसद, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली जाएंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बताया कि अब ये तय किया गया है कि पार्टी के सभी सात मोर्चों के पदाधिकारी, विधानसभा व लोकसभा क्षेत्रों के विस्तारक भी दिल्ली जाएंगे। ऐसे में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली जाने वालों की संख्या बढ़कर सवा तीन सौ के लगभग पहुंच गई है।

# सिडकुल क्षेत्र से तमंचे के बल पर क्रेटा कार और बाईक लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

### क्रेटा कार और बाइक समेत दो तमंचे व दो कारतूस भी बरामद



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर से क्रेटा कार और सिडकुल क्षेत्र से तमंचे के बल पर बाइक लूटने की दो अलग अलग वारदातों में एक ही गिरोह के तीन आरोपी निकले। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी की क्रेटा कार और बाइक मिली और दो तमंचे व दो कारतूस भी बरामद हुए। पकड़े गए तीनों आरोपी खुलासे में लगी पुलिस व एसओजी की टीम पर जानलेवा हमला भी कर चुकी है। शनिवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने 29 मई 2024 की रात को तमंचे के बल पर क्रेटा कार व 30 मई को सिडकुल पंतनगर थाना क्षेत्र से इसी तरह बाइक लूट का खुलासा किया। बताया कि रुद्रपुर कोतवाली में युवराज सिंह व पंतनगर थाने में प्रत्युष कुमार विश्वकर्मा की तहरीर पर लूट के मुकदमे दर्ज किए थे। सनसनीखेज लूट की वारदातों के खुलासे को लेकर पुलिस व एसओजी टीम को लगाया गया। बताया कि तीन जून 2024 को लालपुर थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी निवासी जसकरन सिंह को टीम ने गिरफ्तार लिया। उसने मोहल्ला टांडा थाना फतेहगढ़ चुड़िया जिला गुरदासपुर पंजाब एवं हाल निवासी लालपुर ईसानगर थाना बिलासपुर के जशनप्रीत सिंह व फतेहगढ़ चुड़िया निवासी आकाशदीप उर्फ काशी के साथ मिलकर वाहनों की लूट को अंजाम देना कबूला। आठ जून 2024 को मुखबिर व सर्विलास के आधार पर प्रीत विहार बारादरी रोड पर हथियारों से लैस होकर वाहन लूट अंजाम देने आ रहे जशनप्रीत एवं आकाशदीप उर्फ काशी को भी धर लिया। उनके कब्जे से दो तमंचे भी मिले। उनसे लूटी गई क्रेटा कार, बाइक, घटना में प्रयुक्त बाइक, इको स्पोर्ट्स कार आदि भी बरामद की। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया। इस दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सिटी निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार आदि थे। क्रेटा कार व अपाचे बाइक लूट को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस व एसओजी टीम पर जानलेवा हमला भी कर चुके हैं। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि 31 मई 2024 की रात को एसओजी व पुलिस की टीम ने ईको स्पोर्ट्स कार की काशीपुर फ्लाईओवर के पास घेराबंदी की। इस दौरान कार सवार बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया और फरार हो गए थे। एसओजी की तहरीर पर बदमाशों के खिलाफ 307/332/353 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली। क्रेटा कार व अपाचे बाइक लूट के मामले पकड़े गए आरोपी बेहद शातिर किस्म के हैं। एसएसपी ने बताया कि पुलिस को चकमा देने के लिए आरोपी फर्जी नंबर प्लेट तैयार कर वाहन लूट को अंजाम दिया। आरोपियों को यूपी के बिलासपुर क्षेत्र में लूटी गई क्रेटा कार व बाइक को छिपाकर रखा था। आरोपियों ने कार के लॉक के साथ छेड़छाड़ कर उसे क्षति भी पहुंचाई।

# नैनीताल में उमड़े पर्यटक: सड़कों पर लंबा जाम लगने से यात्री बेहाल





नैनीताल। नैनीताल में वीकेंड के चलते शनिवार को अस्थाई पार्किंग स्थलों में अव्यवस्थाओं के चलते पर्यटक परेशान रहे। वहीं, नैनीताल आने वाली तीनों सड़कों व आंतरिक मार्गों में घंटों तक कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। भीड़भाड़ के चलते पूरे दिन पर्यटक अपने वाहनों में फंसकर परेशान रहे। बता दें कि, नैनीताल में वीकेंड के चलते शनिवार को पर्यटक अव्यवस्थाओं से परेशान रहे। वहीं पर्यटकों के वाहन कई किलोमीटर लंबे जाम में फंसे रहे। शनिवार दोपहर से ही पुलिस ने अस्थाई पार्किंग स्थलों में बिना होटलों में बुकिंग वाले पर्यटकों के वाहनों को रोक दिया। इधर शहर में नगर कीर्तन के चलते शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई। जिसके चलते शहर व शहर से लगती सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। पर्यटक घंटों तक जाम में अपने वाहनों में फंसे रहे। कई पर्यटक प्रशासन की व्यवस्थाओं पर तंज कसते नजर आए। इधर एसपी यातायात व अपराध हरबंश सिंह ने बताया कि नैनीताल में नगर कीर्तन व पार्किंग स्थल पैक होने के चलते शहर में यातायात का दबाव है। जिसके चलते पर्यटकों के वाहनों को अस्थायी पार्किंग स्थलों में रोका जा रहा है। नैनीताल के अस्थाई पार्किंग स्थलों में पर्यटकों के वाहनों को रोककर शटल के माध्यम से नैनीताल भेजा गया। लेकिन अस्थाई पार्किंग स्थलों में शटल के वाहनों की कमी के चलते पर्यटकों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। वहीं कई पर्यटक सरकारी बसों से नैनीताल पहुंचे। रूसी बाईपास व नारायण नगर में पुलिस के साथ ड्यूटी में लगे शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से उनको व्यवस्थाओं पर नजर रख रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। बताया कि रूसी बाईपास में पर्यटकों की संख्या के हिसाब से शौचालयों की सही व्यवस्था नहीं है। निशुल्क पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं लाखों की हाईटेक वाहनों में आने वाले पर्यटकों को थके हुए शटल सेवा में भेजा जा रहा है। वहीं स्थाई पार्किंग स्थलों में पर्यटकों के लिए साफ सफाई के साथ अच्छे खाने की भी व्यवस्था नहीं है। इस दौरान रूसी बाईपास में डीईओ माध्यमिक पुष्कर लाल टम्टा, एलटी दान सिंह बिष्ट, हितेश साह, आशीष साह व वरिष्ठ सहायक अंकित पवार, जगदीश नेगी मौजूद रहे। वहीं नारायण नगर पार्किंग में समाज कल्याण विभाग की सहायक समाज कल्याण अधिकारी पूनम रावत व कनिष्ठ सहायक नयन सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

### हल्द्वानी से कैंची धाम के लिए नान स्टाप शटल सेवा का संचालन

हल्द्वानी। नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम और अल्मोड़ा जाने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को शनिवार और रविवार को पुलिस का नया ट्रैफिक प्लान देखकर निकलना होगा। वीकेंड की वजह से बड़ी संख्या में बाहर से भी लोगों के पहाड़ पर पहुंचने की संभावना है। इसलिए दो दिन यह प्लान लागू रहेगा। वहीं, पुलिस का कहना है कि हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से कैंची धाम के लिए नान स्टाप शटल सेवा का संचालन किया जाएगा। यहां से बस में बैठकर श्रद्धालु धाम के दर्शन के लिए जा सकते हैं। बरेली रोड से नैनीताल, भवाली, कैंची धाम और अल्मोड़ा जाने के लिए तीनपानी से वाहन गौला बाईपास होकर आगे जाएंगे। रामपुर रोड से नैनीताल जाने के लिए पंचायत घर तिराहे से आरटीओ रोड हनुमान मंदिर होते हुए कालाढूंगी के रास्ते नैनीताल जाएंगे। भीमताल, भवाली, कैंची धाम व अल्मोड़ा जाने के लिए रामपुर रोड से वाहन शीतल होटल तिराहे से डायवर्ट कर तीनपानी होकर निकलेंगे। कालाढूंगी रोड की गाड़ियां ऊंचापुल, लालडांठ तिराहे से हाईडिल गेट व कालटैक्स होकर नैनीताल और भीमताल की तरफ निकलेंगे। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के अनुसार शनिवार और रविवार को सुबह दस से रात दस बजे तक यात्रा मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी।

# शातिर भू माफिया ने दो लोगों से ठगे 40 लाख

## दर्जनों को बना चुका अब तक शिकार, करोड़ों की संपत्ति जुटाई

काशीपुर(उद संवाददाता)। मकान का सौदा करने के नाम पर एक शातिर दिमाग व्यक्ति ने दो लोगों से लगभग 40 लाख रुपए ठग लिए। धोखाधड़ी के शिकार पीड़ितों ने मामले की तहरीर आईटीआई पुलिस को देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला जुलाहान वार्ड नंबर 4 जसपुर तथा हाल मोहल्ला जसपुर खुर्द काशीपुर निवासी मोहम्मद शाहिद पुत्र हाजी मोहम्मद छुटटू ने बताया कि वर्ष 2021 की एक जनवरी को उसने मोहल्ला जसपुर खुर्द काशीपुर निवासी एहसान अली पुत्र मोहम्मद अली से नीझड़ा में 600 स्क्वायर फीट में बने मकान का 13 लाख रूपयों में सौदा किया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके द्वारा 13 लाख रुपए बैंक से फाइनेंस कराकर विक्रेता एहसान अली को अदा कर दिए गए लेकिन सौदे के 3 वर्ष बाद भी उसे मकान पर कब्जा नहीं मिला। आरोप है कि मकान पर कब्जा देने के नाम पर विक्रेता द्वारा खरीदार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी एक शातिर किस्म का भू माफिया है। वह मकान दिखाकर उस पर लोन कराता है और बाद में रकम हड़प कर एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी वाली कहावत चरितार्थ करता है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अभी कुछ दिन पहले आरोपी एहसान अली हथियारों से लैस होकर फायर ब्रिगेड के समीप स्थित उसकी दुकान पर हत्या के इरादे से आ धमका। इस घटना के बाद से शिकायतकर्ता की मानसिक स्थिति खराब हो चुकी है। तथा उसके परिवार को लगातार जान माल का खतरा बना हुआ है। इसी तरह धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में उपरोक्त एहसान अली ने नगर पंचायत मसवासी, पोस्ट भूवरा एहतमाली तहसील टांडा, जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश तथा हाल मोहल्ला जसपुर खुर्द काशीपुर निवासी नाजिम सुल्तान पुत्र शमीम अहमद से मकान का सौदा करने के नाम पर साढे 15 लाख चेक के माध्यम से तथा लगभग 3 लाख अन्य मदों में हड़प कर लिए। पुलिस को दी तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया कि वह जनपद मुरादाबाद के तहसील ठाकुरद्वारा में कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक (टेक्निकल असिस्टेंट)के पद पर कार्यरत है। वर्ष 2021 की 7 सितंबर को उसने उपरोक्त एहसान अली से नीझड़ा इलाके में 1000 स्क्वायर फीट के एक मकान का सौदा 20 लाख रूपयों में किया। रजिस्ट्री के बाद साढे 15 लाख की रकम फाइनेंस कंपनी से होम लोन कराकर अदा किया जबकि बकाया लगभग 3 लाख नगद तथा अन्य माध्यम से दिया लेकिन उसे भी मकान पर आज तक कब्जा नहीं मिल सका। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लंबे समय तक आरोपी एहसान अली मकान पर कब्जा देने को लेकर टाला मटोली करता था अब उसे खुलेआम मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### पूर्व में भी दर्ज हैं संगीन मामले

काशीपुर। धोखाधड़ी का आरोपी पेशे से प्रॉपर्टी डीलर बताया जा रहा है। वह मूल रूप से घोसीपुरा पट्टी कला तहसील स्वार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक उसने दर्जनों लोगों से संपत्ति के क्रय विक्रय के नाम पर अब तक करोड़ों रुपए ठगे। धोखाधड़ी से रकम हड़प करने के बाद वह पीड़ित पक्ष को मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी भी देता है। थानाआईटीआई व कुंडा में इसके खिलाफ पूर्व में धोखाधड़ी के मामले भी दर्ज है।

# सेना में अफसर बना हल्द्वानी का लाल हर्षवर्धन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां मल्ला गोरखपुर में निवास करने वाले जांबाज युवक हर्षवर्धन परिहार ने भारतीय सेना में अफसर बनकर हल्द्वानी शहर के साथ ही अपने माता पिता व पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। शनिवार को आइएमए में हुई पासिंग आउट परेड में उन्होंने कड़ी मेहनत के पश्चात यह सफलता प्राप्त की। हर्षवर्धन परिहार के दिल में शुरू से ही देश सेवा का जज्बा भरा हुआ था।



उसने देश की रक्षा के लिए आर्मी को चुना। हर्षवर्धन परिहार के सेना में अफसर बनने से उसकी इस उपलब्धि पर पूरा शहर उत्साहित है। पासिंग आउट परेड में उनके कंधों पर सितारे लगाते ही स्वजनों के चेहरे खिल उठे। उसकी इस उपलब्धि से परिजनों में जहां खुशी का माहौल है तो वहीं शहर के गणमान्य लोग हर्षवध 'न की उपलब्धि पर पूरे उनके आवास पर पहुंचकर परिवार को बधाई दे रहे हैं।

# उद्यान सप्ताह में कई प्रतियोगिताएं आयोजित

पंतनगर(उद संवाददाता)। जीबी पंत कृषि विवि में उद्यान विभाग की ओर से उद्यान सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, क्रिकेट, बैडमिंटन, रस्साकसी, पैदल चाल दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें 400 मीटर दौड़ में आयुष कुमार शाह ने पहला, निश्चय जोशी ने दूसरा एवं मनीष कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में पूजा फर्त्याल ने पहला, प्रेरणा प्राची ने दूसरा एवं डॉली रौतेला ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुरेंद्र धामी ने पहला, राशि गुसाईं ने दूसरा और रिया पाठक ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। फल विज्ञान प्रश्नोत्तरी में अरुंधति सेमवाल, सौरभ टम्टा, सुमन मौर्या ने पहला, कीर्तिका शर्मा ने दूसरा और प्रीती बिष्ट व साहिरा, रेहाना, केटी ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। पुष्प विज्ञान प्रश्नोत्तरी में पूजा फर्त्याल ने पहला, आयुष कुमार शाह व रवीना राना ने दूसरा एवं दिव्य लक्ष्मी ने तीसरा स्थान पाया। पुरुष एकल बैडमिंटन में योगराज कुशवाहा प्रथम एवं सौरभ टम्टा ने दूसरा स्थान पाया। महिला एकल बैडमिंटन में प्रेरणा प्राची ने प्रथम एवं रिद्धि बिष्ट ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मिश्रित युगल में सौरभ टम्टा एवं ऋषभ राज ने पहला और प्रेरणा प्राची व प्रतिष्ठा चौधरी ने दूसरा स्थान पाया। वहां पर उद्यान समिति की महासचिव प्रियंका कक्कड़, कृष्णा नेगी, नेहा देवराड़ी, चंचल तिवाड़ी, ऋषभ राज व हेमंत शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# शरबत बांटकर राहगीरों को गर्मी से दिलाई राहत

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने छबील लगाकर शरबत का वितरण कर राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। सड़क मार्ग पर आने जाने वाले, दिनेशपुर साप्ताहिक बाजार में आने वाले हर लोगों को रोक कर मीठा शरबत पिलाकर हजारों राहगीरों को राहत पहुंचाई । शनिवार को मार्ग पर चलने वाले और बाजार में आने वाले को रोककर ठंडा पानी व मीठा शरबत पिलाकर भीषण गर्मी से राहत दिलाने का काम किया है। बता दें कि भीषण गर्मी के चलते हुए ऐसे में वाहनों में चलने वाले राहगीर, बाहर से आने वाले दुकानदार व बाजार में आने वाले लोगों को पानी की जरूरत होती है। इसीलिए आज सभी ने मिलकर राहगीरों के लिए छबील



लगाकर ठंडा पानी व मीठा शरबत पिलाकर सड़क पर चलने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत दिया। इस दौरान सड़क मार्ग पर आने जाने वालों को रोककर सभी को मीठा पानी पिलाया जा रहा है। प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों के लिए शरबत की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी से कुछ राहत मिल सके गर्मी के मौसम में पानी की कमी को पूरा किया जा सकें। वरिष्ठ संरक्षक सरोज मण्डल ने कहा कि इस बार मानसून नहीं आने से गर्मी मे तापमान लगातार बढ़ रहा है। और पानी का जलस्तर घटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी की आवश्यकता को पूरा करना बहुत जरूरी है। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, वरिष्ठ संरक्षक सरोज मंडल, वरिष्ठ संरक्षक काजल राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, महामंत्री दिवेन्दु राय, उपाध्यक्ष एल. बी. राय, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय सरकार, सह सचिव राहुल विश्वास, ऑडिटर प्रकाश अधिकारी, संजीव गाईन,सदस्य बृज किशोर मण्डल, विपिन बहुगुणा, काली पद विश्वास, नोनी बढ़ाई, केशव पाइक ने मिलकरमीठा शरबत वितरणकिया है।

# पथ संचलन का पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत



रुद्रपुर। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन आदर्श कालोनी स्थित विद्या मंदिर इंटर कालेज से प्रारंभ होकर काशीपुर बाई पास रोड, श्री दुर्गा मंदिर, मुख्य बाजार,भगत सिंह चौक, अग्रवाल धर्मशाला रोड होते हुए कालेज में पहुंच समापन हो गया। पथ संचलन का जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्र सेविका समिति पथ संचलन में आरएसएस के व्यवस्था प्रमुख राज कुमार खनीजों समेत अन्य शामिल रहे। उधर पथ संचलन का श्री दुर्गा मंदिर में देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अरोरा के नेतृत्व में देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह,रोहित मित्तल, वीरेंद्र सुखीजा, कपड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष सुभाष नारंग ,किशन नारंग,अजय गंभीर, मुनीष गंभीर, रेखा अरोरा, गोविंद अरोरा आदि ने स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर मुख्य बाजार हरी मंदिर के पास पूर्व मेयर रामपाल सिंह, संजय ठुकराल आदि ने स्वागत किया।

# एसडीएम ने अधिकारियों के साथ लेवड़ा नदी की सफाई का किया निरीक्षण

बाजपुर(उद संवाददाता)। उपजिला अधिकारी आरसी तिवारी ने राजस्व और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ लेवड़ा नदी के सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने सिंचाई विभाग को राजस्व विभाग के निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई कार्य करने निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि लेवड़ा नदी की बाढ़ से बचाव के लिए सफाई कार्य में गति देने की ओर अतिक्रमण की परिधि में आने वाले अतिक्रमण कारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। एसडीएम ने रेलवे लाइन के पास लेवड़ा नदी पर सहायक नहर के लिए बने स्लैब को हटाने के निर्देश दिए। निर्धारित किए गए 16 मीटर मानकों के अनुरूप सफाई कार्य करने और अतिक्रमण हटाने को कहा। एसडीएम ने बताया कि लेवड़ा नदी किनारे स्थाई अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए। उन्होंने बिना पक्षपात के अतिक्रमण हटाया जाएगा। बरसात में हर साल बाढ़ की स्थिति उत्पन्न ना हो।



# आचरण में लाए बिना ज्ञान की बातें केवल दंभ: चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान कोई वाणी विलास नहीं है जीवन में सदाचार,संयम एवं भक्ति के आने पर जो ज्ञान स्वत: उत्पन्न होता है वही शाश्वत ज्ञान है। पुस्तकीय ज्ञान ज्यादा नहीं टिकता। ज्ञान अनुभव करें उसे जीवन में उतारें। मात्र दूसरों को उपदेश देने में ही नहीं स्वयं की मुक्ति के लिए उपयोग करें। आचरण में आए बिना ज्ञान की बातें मात्र दंभ व पाखंड है। उन्होंने कहा कि संसार के सुख क्षणिक है। विषयों के ही क्षणिक सुख को प्राप्त करने के लिए मात्र यह अमूल्य जन्म नष्ट ना करो। चिन्ताएँ त्याग कर प्रभु चिंतन करो। सभी में परमात्मा के दर्शन करते हुए व्यवहार करो। जो समस्त संसार को प्रभुमय कहते हैं या देखते हैं।



तो वे विरोध किससे करते हैं। वैर विरोध , घृणा द्वेष, अशांति इत्यादि त्यागो। कर्म, भक्ति व ज्ञान का जीवन में समन्वय स्थापित करो। परमात्मा को सदैव याद रखो। सद्गुरु की कृपा से प्राप्त प्रभु नाम जपकर व कल्याणमय मार्ग पर चलने से व्यक्ति अवश्य ही भवसागर से पार उतर सकता है । दृढ़ विश्वास पूर्वक परमात्मा का नाम ,जप भव रोगों की अचूक औषधि है । उन्होंने कहा कि माता-पिता, बड़े बुजुर्गों , संतों , महापुरुषों, तीर्थ, धर्म स्थलों व देश की संस्कृति का सम्मान करें। धर्म का साथ दें, अधर्म के विनाश में सहयोग दें व शांति को जीवन में प्रमुखता से स्थान दें। उन्होंने कहा कि आराम तलब आदमी कभी भी लौकिक या पारलौकिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त नहीं कर सकताः यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु पदार्थ को पाना चाहता है उसके लिए प्रयास करता है और यदि थककर बीच में अपना विचार ना बदल दे तो उसे अवश्य ही प्राप्त कर लेता है। यदि व्यक्ति पुरुषार्थ करें तो ईश्वर भी उसकी सहायता करता है। उन्होंने कहा कि सबसे महान व्यक्ति वह है जो दृढ़तम निश्चय के साथ सत्य का अनुसरण करता है । जो व्यक्ति उद्योग वीर है वह कोरे वाग्वीर व्यक्तियों पर अधिकार जमा लेता है। जिसे हमारा हृदय महान समझे वह महान है। आत्मा का निर्णय सदा सही होता है। किसी का तिरस्कार ना करें। जो भी देखें, सुने या पढ़ें उस पर विचार करें।अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज,कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा।

# तीन दिवसीय मध्य रोग निवारण योग साधना शिविर संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय योग संस्थान के तत्वाधान में एलाइंस कॉलोनी मे चल रहे तीन दिवसीय मध्य रोग निवारण योग साधना केंद्र के आज तीसरे दिन समापन किया गया। इसअवसर पर श्रीमती प्रवीण अरोड़ा जिला संगठन मंत्री हरिद्वार ने सूक्ष्म क्रियाएं एवं ओम ध्वनि एवं खड़े होने वाले आसनों के साथ शुभारंभ किया। श्रीमती ललिता रावत ने शासन आसान कराया। श्रीमती प्रवीण अरोड़ा ने पेट व



पीठ के बल के आसनों के साथ-साथ भारतीय संस्थान की सामग्री का भी विस्तार से साधकों को महत्व समझाया। बीएस त्रिपाठी ने प्राणायाम का बहुत अच्छा अभ्यास कराया। योग संस्थान की सामग्री का वितरण महावीर चौधरी, विपिन चंद शर्मा तथा जयप्रकाश चौबे ने किया अंत में सबको प्रसाद वितरण का योग शिविर का समापन किया गया। राजकुमार चौधरी प्रांतीय सदस्य ने सबका आभार व्यक्त किया।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नोटा बटन का प्रभाव

इस बार के चुनाव में पहली बार नोटा ने लोगों का ध्यान खींचा। उसकी प्रासंगिकता पर चर्चा शुरू हो गई। इंदौर की लोकसभा सीट पर दो लाख से अधिक लोगों ने नोटा का बटन दबाया। नोटा यानी ऊपर में से किसी को नहीं। यानी जो मतदाता किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, वे अपना मत नोटा के रूप में दर्ज कराते हैं। इस तरह मतदान मशीन में नोटा एक तरह से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में उपस्थित होता है। पहले की अपेक्षा इस बार कई जगहों पर नोटा को बड़ी संख्या में मत प्राप्त हुए।इंदौर में इस बटन को कुछ अधिक लोगों ने इसलिए दबाया कि पर्चा वापसी के आखिरी दिन कांग्रेस के प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया। इससे पहले सूरत में भी कांग्रेस के एक प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया था। तब भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध चुन लिया गया था। उस वक्त कहा गया था कि इस तरह मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता, नोटा भी एक प्रत्याशी होता है।दरअसल नोटा का विकल्प देने के पीछे एक लंबी लड़ाई चली थी। काफी समय से मांग उठ रही थी कि अगर किसी जनप्रतिनिधि से लोग खुश नहीं हैं, तो उन्हें उसे हटाने का अधिकार मिलना चाहिए। जिस तरह प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है, उसी तरह मतदाता को उसे हटाने का भी अधिकार मिलना चाहिए। मगर उस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। फिर यह भी कहा गया कि बहुत सारे लोग किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, मगर मताधिकार का प्रयोग करते हुए उन्हें किसी न किसी को मत देना ही पड़ता है। ऐसे में यह विकल्प भी होना चाहिए कि वे हर प्रत्याशी को नकारने का मत दे सकें। इसी मांग के तहत विकल्प के रूप में नोटा शुरू किया गया। मगर इस विकल्प का कोई निर्णायक महत्त्व नहीं है। अगर इसे लेकर कोई स्पष्ट नियम बन जाए कि कितने प्रतिशत लोगों के नोटा का विकल्प चुनने पर नए सिरे से चुनाव कराने होंगे, तब तो इसका महत्त्व होगा, नहीं तो यह महज दिखावे का एक बटन बना रहेगा। इसलिए अभी तक नोटा का कोई प्रभाव नजर नहीं आता।

# खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों से 72 सैंपल फेल, होगी कड़ी कार्यवाही

देहरादून। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड की सख्ती का असर चारधाम यात्रा मार्गों और पर्यटन स्थलों में दिख रहा है। इस बार मिलावटी खाद्य पदार्थों और सामान पर काफी हद तक रोक लगी है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश में चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही विभाग ने व्यापक तैयारियां कर ली थी। रुद्रपुर और देहरादून में हाईटेक लैब होने से जांच में तेजी आई है। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसका असर मिलावटखोरों में भी दिख रहा है। आयुक्त डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि इस बार खाद्य विभाग ने यात्रा शुरू होने से पहले ही दो हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को राज्य के विभिन्न जनपदों में प्रशिक्षित किया है। पिछले 12 दिन में यात्रा मार्ग हरिद्वार-ऋषिकेश से केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के



मार्गों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों आदि से कुल 601 नमूने लिए गए। मौके पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांची गई। इनमें से 72 नमूने (लगभग 12 प्रतिशत) परीक्षण में मानकों के अनुरूप सही नहीं मिले। जनवरी-मई 2024 तक 1763 नमूने लिए जा चुके हैं। जिनमें से प्राप्त जांच रिपोर्ट 1040 हैं और अधोमानक नमूनों की संख्या 60 है। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ ही मुकदमें भी दर्ज किए जा चुके हैं। डॉ. आर राजेश कुमार ने आमजन से भी जागरूक होने की अपील की और किसी भी तरह की समस्या या शिकायत के लिए विभागीय टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर जानकारी देने की बात कही। उन्होंने बताया कि देहरादून में बनी हाईटेक लैब में अत्याधुनिक मशीनों से जांच हो रही है। लैब में अब तक 2000 से अधिक सैंपलों की जांच हो चुकी है। विभाग ने नकली दवा कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए विगत 03 साल में 72 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। इनमें से 32 लोग जेल जा चुके हैं।

## केदारनाथ धाम व यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ाव पर की जा रही स्वास्थ्य की जांच

रूद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे किसी श्रद्धालु का स्वास्थ्य खराब होने या किसी कारण से घायल होने की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोनप्रयाग से लेकर केदारनाथ धाम व यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ाव पर एमआरपी खोली गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में आज ओपीडी में 2890 श्रद्धालुओं का उपचार किया गया। जिसमें 2247 पुरुष एवं 643 महिलाएं शामिल हैं। अब तक ओपीडी एवं इमरजेंसी में 73,296 श्रद्धालुओं का उपचार किया गया है। उन्होंने बताया कि आज 241 श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन सुविधा उपलब्ध कराई गई। अब तक 4968 श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। अब तक 30,982 श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग भी कराई गई।

# जाबांज बेटों ने पूरा किया सेना में अफसर बनने का सपना

देहरादून। पासिंग आउट परेड मे पिथौरागढ़ के एक साथ 10 जांबांज युवा सेना में लेफ्टिनेंट बने जिसमे अतुल जोशी, पीयूष जोशी, मोहित कापड़ी, ओमीत्य जोशी शामिल है। पिथौरागढ़ के मोहित कापड़ी को ओवरआल परफॉरमेंस में सिल्वर मैडल हासिल कर प्रदेश और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। सेना में अफसर बने हल्द्वानी के ओमित्य जोशी ने अपने नाना का सपना पूरा किया। कैप्टन पद से सेवानिवृत्त ओमित्य के नाना का चाहते थे कि वह सेना में अफसर बने। ओमित्य के पिता प्रमोद कुमार जोशी दूरदर्शन में कार्यरत हैं। प्रमोद कुमार जोशी ने बताया कि ओमित्य बचपन से ही मेधावी रहा है। पिथौरागढ़ के एक निजी विद्यालय से पांचवीं तक की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से पूरी की है। इस दौरान उन्हें बेस्ट कैडेट के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। वहीं, ओमित्य ने कहा कि बचपन से ही सेना में अफसर बनकर देश सेवा का सपना था। इसकी प्रेरणा उन्हें अपने नाना से मिली। ओमित्य की माता रंजना जोशी ने कहा कि बेटे ने परिवार का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के रहने वाले संदीप कुमार की मेधा के आगे मुफलिसी हार गई। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से संदीप सेना में अफसर बन गए। संदीप ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। पिता इंद्र सेन ने खेती-बाड़ी से जैसे-तैसे परिवार का पालन पोषण किया। हालांकि संदीप बचपन से ही मेधावी रहे हैं और छात्रवृत्ति से ही उन्होंने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। संदीप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। उन्होंने बताया कि साल 2020 में पहली बार में ही एनडीए की परीक्षा पास कर ली। अब आइएमए में प्रशिक्षण प्राप्त कर अफसर बन गए हैं। संदीप की माता मंजू देवी ने कहा कि बेटे ने नाम रोशन कर परिवार को पहचान दिलाई है। संदीप का छोटा भाई राजदीप 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। वह भी सेना में अफसर बन देश की सेवा करना चाहता है। मूल रूप से मुंबई के रहने वाले विनायक ओर्पे भी सेना में अफसर बन गए हैं। उनकी कामयाबी से परिवार में खुशी है। पिता मकरंद ओर्पे नौसेना में कैप्टन हैं। उनका कहना है कि बेटे ने उनका सपना पूरा कर दिया है और अब सेना में अफसर बनने के लिए बेटी को प्रेरित करेंगे। विनायक ने कहा कि उन्हें देश सेवा करने का जज्बा पिता से मिला है। सेना में अधिकारी बनने का सपना उन्होंने बचपन से देखा था और इसके लिए कड़ी मेहनत भी की थी। वहीं, विनायक के पिता मकरंद ओर्पे ने कहा कि सेना हमें देश के लिए जीना सिखाती है। उनका सपना है कि उनके दोनों बच्चे सेना में अधिकारी बन देश की सेवा करें। बेटी विदिशा अभी 11वीं पढ़ रही है। उसे सेना में अफसर बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले के जेएसएस जमवाल ने। उन्होंने सैन्य अफसर बनने का सपना देखा था। इसके लिए लगातार मेहनत की और असफलताओं का सामना भी किया, लेकिन उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी। लगातार 15वीं बार कोशिश करने के बाद वह सैन्य अधिकारी बन गए। उन्होंने बताया कि सेना में अफसर बनने की प्रेरणा अपने पिता से ली। उनके पिता सूबेदार जयकुमार जमवाल ने बताया कि बेटे ने एनडीए, सीडीएस, एयर फोर्स कामन एडमिशन टेस्ट, एससीसी की परीक्षा दी पर सफलता नहीं मिली। हार नहीं मानी और किसी भी तरह का नकारात्मकता की बजाय बस आगे बढ़ता गया। आखिरकार एसीसी के माध्यम से वह अफसर बन गया है। भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) से पासआउट होकर उत्कर्ष त्यागी सेना में अफसर बन गए हैं। उन्होंने दून का गौरव बढ़ाया है। उत्कर्ष ने एनडीए खड़कवासला पुणे और आइएमए देहरादून से सेना की ट्रेनिंग पूरी की है। उत्कर्ष के पिता डा. योगेश कुमार त्यागी डीआईटी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और मां सारिका त्यागी गृहिणी हैं। डा. योगेश कुमार ने बताया कि उत्कर्ष बचपन से ही मेधावी रहे हैं। उनका सपना शुरू से ही सेना में अफसर बनने का रहा है। उत्कर्ष ने 12वीं तक की शिक्षा डीपीएस देहरादून से प्राप्त की। इसके बाद डीआइटी विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की। उत्कर्ष के छोटे भाई सार्थक त्यागी जालंधर से मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे हैं। आइएमए की पासिंग आउट परेड में जमनीपुर तप्पड़ के आकाश राणा लेफ्टिनेंट बने। जिनकी देहरादून से पैरा रेजीमेंट में नियुक्ति हुई है। आकाश चौथी पीढ़ी के हैं, जिनकी चार पीढ़ी सेना में रहकर सेवा दे चुकी हैं। उनके पिता हेमराज सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हैं। विधायक मुन्ना सिंह चौहान समेत अनेक लोगों ने उनके घर पर जाकर आकाश राणा, उसके पिता हेमराज, माता नीलम राणा को बधाईयां दी। आकाश राणा के पास बीएससी, बीए और एमबीए की डिग्रियां होने के साथ ही पीजीडीएम (सैन्य अध्ययन) विशिष्टता के साथ है। दो बार राष्ट्रीय चौंपियन, आईएमए में मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक और मेरिट कार्ड हासिल किया। आकाश के परदादा 1913 में सेना में शामिल हुए थे। आकाश सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी में विश्वास रखते हैं। आकाश ने संदेश दिया कि आपके सपने छोटे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए कभी भी लड़ना बंद न करें।





# जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ एमवी सुचेंद्र कुमार ने जेंटलमैन कैडेटों को दी बधाई

देहरादून। सेना के उत्तरी कमान के जनरल आफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार ने जटिल और प्रतिस्पर्धी युद्धक्षेत्र में प्रभावी ढंग से काम करने के लिए तकनीकी दक्षताओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस दौरान आफिसर कैडेट को संबोधित करते उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति के बीच युद्ध की प्रकृति भी तेजी से बदल रही है। प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, साइबर और सूचना क्षेत्रों में प्रगति, पारंपरिक उपकरणों की क्षमताओं में प्रगति, लगातार युद्ध का परिदृष्य बदल रही हैं। यह अधिक जटिल, संघर्षपूर्ण और घातक है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। यह कहावत भी याद रखें कि मशीन के पीछे का व्यक्ति ही सबसे ज्यादा मायने रखता है। शारीरिक फिटनेस, मानसिक चपलता, तार्किक सोच, तकनीकी कौशल और खुद को परिस्थिति के अनुसार ढालने की क्षमता ही आपकी सफलता तय करेगी। कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि यह वह क्षण है जो जीवनकाल में एक बार ही आता है। यह आपके भविष्य में किए जाने वाले प्रयासों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। भारतीय सैन्य अकादमी ने आपको एक अधिकारी, एक भद्रजन के लिए उपयुक्त ज्ञान और गुणों से आपको सुसज्जित किया है। भारतीय सेना को अपने सैनिकों पर गर्व है। विश्व में सर्वश्रेष्ठ इन सैनिकों के पास युद्ध से प्राप्त ज्ञान और कई वर्षों का आपरेशनल अनुभव है। जब आप अपनी यूनिट में जाएंगे तो यह सैनिक साहस, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और चरित्र की कटौसी पर आपकी परख करेंगे। उन्हें सुनें व उनकी बातों को महत्व दें। कैडेटों को उत्कृष्ट ड्रिल के लिए बधाई देते उन्होंने कहा कि यह उनके कठोर परिश्रम, अनुशासन और कड़े प्रशिक्षण का प्रतिबिम्ब है। यह वास्तव में देश के लिए गर्व और महत्वपूर्ण अवसर है कि 355 आफिसर कैडेट अधिकारी के रूप में हमारी गौरवशाली सेना का हिस्सा बन रहे हैं। मैं सेना की ओर से उनका स्वागत करता हूं। मित्र देशों के 39 कैडेटों को शुभकामनाएं देते उन्होंने विश्वास जताया कि वह आने वाले वर्षों में अपने देश को गौरवान्वित करेंगे।



# प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्टमें 11 जून को होगी सुनवाई

नैनीताल। हाई कोर्ट ने उत्तराखंड में स्थानीय निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल छह माह बीत जाने के बाद भी चुनाव नहीं कराने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते याचिकाकर्ता को निर्देश तत्काल अवमानना याचिका की प्रति राज्य सरकार को देने तथा राज्य सरकार से 11 जून तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई को 11 जून की तिथि नियत की है। शुक्रवार को वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में नैनीताल निवासी राजीव लोचन साह की अवमानना याचिका पर सुनवाई की। जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार की ओर से निकाय चुनावों के मामले में कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। राज्य सरकार की ओर से दो बार कोर्ट में अपना बयान दिया था कि दो जून 2024 तक निकायों के चुनाव कर लिए जाएंगे लेकिन अभी तक राज्य सरकार ने ना तो चुनाव कराए, ना ही कोर्ट के आदेशों का पालन किया। यह एक संविधानिक संकट है। संविधान इसकी अनुमति नही देता, अगर किसी वजह से राज्य सरकार तय समय के भीतर चुनाव नहीं करा पाती, उस स्थिति में केवल छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त किए जा सकते है। राज्य सरकार ने चुनाव कराने के बजाय प्रशासकों का कार्यकाल तीन माह और बढ़ा दिया। ऐसे में सरकार के विरुद्ध कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ता के अनुसार प्रदेश में स्थानीय निकायों का कार्यकाल दिसंबर माह में समाप्त हो गया है लेकिन सरकार ने अब तक चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया, उल्टा निकायों में अपने प्रशाशक नियुक्त कर दिए। प्रशासक नियुक्त होने की वजह से आमजन को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जबकि निकायों के चुनाव कराने हेतु सरकार को याद दिलाने के लिए पूर्व से ही एक जनहित याचिका कोर्ट में विचाराधीन है। सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक नियुक्त करे। प्रशासक तब नियुक्त किया जाता है, जब कोई निकाय भंग की जाती है। उस स्थिति में भी सरकार को छह माह के भीतर चुनाव कराना आवश्यक होता है। निकायों ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है लेकिन चुनाव कराने के बजाय अपने प्रशासक नियुक्त कर दिए, जो विधि विरुद्ध है। सवाल उठाया कि जब लोक सभा व विधान सभा के चुनाव निर्धारित तय समय में होते है तो निकायों के चुनाव तय समय पर क्यों नहीं होते। एक्ट के अनुसार निकायों के कार्यकाल समाप्त होने से छह महीने पहले चुनाव का कार्यक्रम घोषित हो जाना था, जो नहीं किया गया।

# चुनावों में हार की हैट्रिक पर कांग्रेस आलाकमान गंभीर,कई नेता दिल्ली तलब

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस ने इस बार भी लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड की पांच सीटों में से एक सीट भी नहीं जीत पाई। कांग्रेस की ये हार लोकसभा चुनावों में हार की हैट्रिक है। साल 2014, साल 2019 और अब 2024 में कांग्रेस लेकसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई। उत्तराखंड में कांग्रेस की हार पर कांग्रेस हाईकमान गंभीर है और अब उम्मीदवारों से हार का कारण भी पूछा जाएगा। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने हार की हैट्रिक लगा दी है। साल 2014, साल 2019 और अब 2024 के लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड में कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पाई है। साल 2009 के बाद कांग्रेस उत्तराखंड में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। साल 2009 में कांग्रेस ने पांचों सीटों पर जीत हासिल की थी।लगातार तीन लोकसभा चुनावों में हार पर अब कांग्रेस आलाकमान गंभीर नजर आ रहा है। उत्तराखंड कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं, प्रदेश अध्यक्ष और उम्मीदवारों को दिल्ली तलब किया गया है। बताया जा रहा है कि पार्टी इन सभी से लोकसभा चुनावों में हार की वजह पूछेगी। इसके साथ ही भविष्य की रणनीति भी बनाई जाएगी।2009 के बाद से अब तक हर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई सिलसिलेवार हार ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां इस बार लोकसभा चुनाव में मैदानी सीटों पर कांग्रेस का प्रदर्शन ठीक रहा तो वहीं पहाड़ में फिर वोटबैंक कम हो गया। यहां तक साल 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने जहां जीत हासिल की थी उन में से भी कुछ जगहों पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत गिरा है। भले ही लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस आलाकमान की कोई दिलचस्पी उत्तराखंड में देखने को न मिली हो। लेकिन अब कांग्रेस देश के कुछ राज्यों में अच्छे प्रदर्शन के बाद उत्तराखंड में भी अपना प्रदर्शन सही करना चाहती है। इसके लिए कांग्रेस एक नए सिरे से शुरूआत कर रही है। बताया जा रहा है कि जहां एक ओर हार की वजह पूछी जाएगी तो वहीं टिकट बंटवारे में क्या कमियां रहीं इस पर भी मंथन किया जाएगा।



# भाजपा नेता सक्सेना ने राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा से की मुलाकात

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के विधान सभा सोशल मीडिया प्रभारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष पद पर पार्टी से दावा करने वाले भाजपा नेता राजीव सक्सेना ने राज्य सभा सांसद बी एल वर्मा से उनके दिल्ली स्थित निवास पर भेंट की तथा उन्हें भारत सरकार में मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। भाजपा नेता राजीव सक्सेना ने बताया कि बी एल वर्मा को भारत सरकार में मंत्री बनाया जा रहा है जिसके लिए उनके निवास पर पहुंचकर उनको शुभकामना तथा तथा क्षेत्र में विकास के लिए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि वर्मा के कार्यभार संभालने के तुरंत बाद ही नगर के लिए विशेष पैकेज की मांग की जाएगी ताकि नगर में विकास कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने बताया कि सांसद बी एल वर्मा से नगर की विभिन्न समस्याओं के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। सांसद बीएल वर्मा ने यह आश्वासन भी दिया गया कि सरकार बनते ही नगर के विकास के कार्यों के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा।



# श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा शहीदी पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में श्री गुरू अर्जुन देव जी महाराज का शहीदी पर्व कल 10 जून को श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर भव्य दिवान सजेगा और शबद कीर्तन होगा। जानकारी देते हुए स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने सारी संगत से पहुंचकर गुरू घर का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# पूल पार्टी के साथ समर कैम्प का समापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एलायंस कॉलोनी स्थित राइजिंग स्टडी पॉइंट की श्रीमती शिखा हुडिया की ओर से बच्चो के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में शिखा हुडिया ने आर्ट एंड क्राफ्ट हारमोनियम , कैलीग्राफी,डांस ,पर्सनेलिटी डेवलपमेंट ,योग आदि का प्रशिक्षण दिया। समर कैंप के अंतिम दिन पूल पार्टी का



आयोजन कर अपने परिवार सहित सभी बच्चों को फादर्स डे की भेंट देकर समानित कर उनका उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चो के अभिभावको ने श्रीमती शिखा हुडिया को उनके इस प्रयास के लिए धन्यवाद दिया।

# युवक पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में पड़ोस की महिलाओं से परिजनों से हुए झगड़े में बीच बचाव के लिए गये युवक को घेरकर उस पर सरिये से वार गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का जिला चिकित्सालय में उपचार कराया गया। कृष्णा कालोनी निवासी जितेन्द्र पुत्र बनवारी ने बताया कि आज प्रातः उसकी मां और बहन का पड़ोस की महिलाओं से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जब वह बीच बचाव के लिए गया तो वहां मौजूद दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे घेर कर मारपीट शुरू कर दी और उसके सिर पर सरिये से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोगों के आ जाने से हमलावर वहां से भाग गये। उसने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।



# राहुल जोशी बने सेना के अधिकारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर के सैंज निवासी राहुल जोशी ने भारतीय सेना मैं कमीशन लेकर देश, राज्य और जिले का नाम रोशन किया है। राहुल की प्राथमिक शिक्षा कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल और 12वीं तक की शिक्षा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से हुई। बीएससी की परीक्षा ग्राफिकएरा इंस्टीट्यूट देहरादून से की। इसके बाद सीडीएस की परीक्षा पास की। अब ट्रेनिंग पूरी कर 13 ग्रिनेडियर्स रेजिमेंट के लिए चयनित हुए है। उनके इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पिता गणेश चंद्र जोशी और माता नीमा जोशी का प्रमुख योगदान रहा है। राहुल के पिता आर्मी से सेवारत होकर अभी विदेश मैं सेवा दे रहे हैं, जबकि माताजी गृहणी है और उनकी एक बहिन एक्सपोर्ट हाउस मैं नोएडा मैं कार्यरत है। उनकी उपलब्धि पर सैन्य अधिकारी कैप्टन हरीश मेहरा ने खुशी जताते हुए आर्मी अधिकारी बने राहुल को बधाईया दी।



# जिला पंचायत अध्यक्ष पर लगाए वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिला पंचायत सदस्य कु. सुमन सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर वित्तीय अनियमितताओं की झूठी सूचनाएं देने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष को पत्र भेज कर जांच की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया कि जिला पंचायत अध्यक्ष की मनमर्जी के चलते खेमपुर क्षेत्र की योजनाओं के वर्क आर्डर जारी नहीं किए गए इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास अवरुद्ध पड़ा है। सुमन सिंह का कहना है कि जहां एक तरफ खेमपुर क्षेत्र के वर्क आर्डर रोके गए हैं वहीं दूसरी तरफ जिला पंचायत बरी राई और खानपुर पूर्व क्षेत्र के भुगतान भी कर दिए गए हैं। उनका कहना है जब सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई तो आयोग द्वारा उनको आधी अधूरी एवं झूठी जानकारी देकर गुमराह करने का प्रयास किया गया । उसने वित्त अनियमितताओं के मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ आवाज उठाई है । इस कारण खेमपुर क्षेत्र को सबसे कम बजट दिया गया है।

## पेज एक का शेष...

**जनता के भरोसे को ...**प्रधानमंत्री आवास पर 22 सांसदों के साथ हुई बैठक में मोदी ने कहा कि पांच साल का रोडमैप भी तैयार है। आप उस पर जी जान से जुट जाइएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि साल 2047 में भारत को पूरी तरह से विकसित भारत बनाना है। जनता को एनडीए पर भरोसा है उसे और मजबूत करना है। प्रधानमंत्री आवास आयोजित मीटिंग में सर्बानंद सोनोवाल, चिराग पासवान, अन्नपूर्णा देवी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, भागीरथ चौधरी, किरेन रिजिजू, जितिन प्रसाद, एचडी कुमारस्वामी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, निर्मला सीतारमण, रवनीत बिट्टू, अजय टमटा, राव इंद्रजीत सिंह, नित्यानंद राय, जीतन राम मांझी, धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, हर्ष मल्होत्रा, एस जयशंकर, सीआर पाटिल व कृष्णपाल गुर्जर शामिल थे।

**मोदी कैबिनेट में अजय टम्टा...**सांसद अजय भट्ट को केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री का दायित्व सौंपा गया था। इस बार चर्चा है कि उत्तरा खण्ड की अल्मोड़ा सीट के सांसद अजय टम्टा को केन्द्र में जिम्मेवारी मिल सकती है। अजय टम्टा पिछली बार भी मंत्री पद की दौड़ में शामिल थे। अल्मोड़ा संसदीय सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रही है और इस सीट पर ने इस बार इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगायी है। लोकसभा चुनाव में अजय की लगातार तीसरी जीत ने उनका कद बढ़ाने का काम किया है और वह एक कुशल राजनीतिज्ञ की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए अजय टम्टा ने 23 वर्ष की उम्र में राजनीतिक कैरियर की शुरुआत की। अपने अब तक के राजनीतिक जीवन में उन्होंने नौ बार चुनाव लड़ा और छह में जीत दर्ज कर अपने को राजनीति में स्थापित किया। वर्ष 1996 में जिला पंचायत सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत हुई। इसी वर्ष वह जिला पंचायत उपाध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1999 से 2000 तक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे और तब उन्होंने सबसे कम उम्र का जिपं अध्यक्ष बनने का रिकार्ड बनाया। 2002 में सोमेश्वर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली। 2007 में भाजपा के टिकट पर फिर से विस का चुनाव लड़ा और देहरादून पहुंचे। 2009 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने से चूक गए। 2012 में सोमेश्वर सीट से ही विधानसभा तक का सफर तय किया। पार्टी ने वर्ष 2014 में उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा इस पर वह खरे उतरे। 2019 के लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से लगातार दूरी जीत दर्ज की। 2024 के चुनाव में भी परिणाम उनके और पार्टी के पक्ष में आए हैं और इस सीट पर वह जीत की हैट्रिक लगाने वाले तीसरे सांसद बने हैं। सांसद अजय टम्टा फिलहाल दिल्ली में हैं उन्होंने आज शपथ से पूर्व प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित चाय पर चर्चा मीटिंग में भी हिस्सा लिया।

**मजदूर पंचायत में ..**तहत सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। साथ ही सामूहिक आन्दोलन शुरू करके निर्णायक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अरविंद, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, श्रमिक संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी, इंटरार्क मजदूर संगठन महामंत्री सौरभ पटेल, लुकास टीवीएस मजदूर संघ महामंत्री बसंत गोस्वामी, भगवती इम्पलाईज यूनियन के लोकेश पाठक, मुकुल, आनन्द निशिकाबा इम्पलाईज यूनियन के कोषाध्यक्ष गंगा सिंह, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष गणेश मेहरा, सहित अविलाक सिंह, महेंद्र कपूर, संजीव कुमार गुप्ता, केपी गंगवार, स्वामी आधार श्रीवास्तव, देवीदास, अजीत, शिवदेव सिंह, हीरा राठौर, वंदना, सुब्रत विश्वास, रविन्द्र कुमार, हरेन्द्र सिंह, बॉबी पंवार, रामजीत सिंह, तेजेन्द्र सिंह विर्क, कैलाश भट्ट, ललित मटियाली, संजय आईस, लक्ष्मी, रजनी, ममता, विमला, रामबेटी, नीरज, प्रीती, पिंकी, कंचन, सीमा, सुनीता, सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। पंचायत में जनपद भर से आये विभिन्न मजदूर संगठनों के सैकड़ों श्रमिक मौजूद थे।

**गौमांस के साथ...** कुमार कॉन्स्टेबल राजकुमार व कांस्टेबल बलवंत सिंह ने तीनों व्यक्तियों को पहचान लिया । भाग गए पहले व्यक्ति का नाम ताहिर पुत्र दुलाजान तथा दूसरे का नाम अलीम पुत्र दुलाजान निवासी ग्राम दरऊ तथा आमिर खा उर्फ भोला पुत्र अफाक खा निवासी दरऊ थाना किच्छा है। पकड़े गए व्यक्तियों से मौके पर लगभग 60 किलोग्राम प्रतिबंधित गो मास तथा एक चाकू ,एक चापड़ व एक काली पानी का पैकेट बरामद हुआ । मौके से कांस्टेबल राजकुमार द्वारा अपने मोबाइल से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मृगेश चौधरी को मौके पर आने का आग्रह किया मौके पर समस्त कार्रवाई होने के बाद अभियुक्तों तथा माल व नमूना माल लेकर कोतवाली किच्छा आए तथा अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीण सिंह ,हेड कांस्टेबल दीवान नाथ,कांस्टेबल राजकुमार कांस्टेबल संजय कुमार कांस्टेबल बलवंत सिंह शामिल थे।

**मंदिर की छत पर...**मृतक की शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों की सुपुर्द कर दिया। मृतक अविवाहित था। उसने विषैले पदार्थ का सेवन क्यों किया यह अभी सवालों के घेरे में है।

**राफ्ट पलटने से ..** पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। गोचर से उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह के नेतृत्व में एसडी आरएफ टीम ने तेजी से कार्रवाई की। टीम ने अपनी कुशलता और साहस का परिचय देते हुए अलकनंदा की तीव्र धारा और विपरीत परिस्थितियों का सामना किया। चार लोगों का टीम ने रेस्क्यू किया। सभी नौ व्यक्ति अब सुरक्षित हैं। एसडीआरएफ टीम और पुलिस बल की तत्परता और बहादुरी के कारण लोगों को बचाया गया।

**बगवाड़ा मंडी के...**दो दिन से जब आढ़ती दुकानों में पहुंचे तो दुकानों का हाल देखा तो हैरान हो गए। दुकानों के शटर के आगे दीवारों की चुनाई की गई थी और दुकानों के अंदर बिजली के बोर्ड तारे और विद्युत मीटर भी अधिकारियों द्वारा उतार के ले गए और ऊपर से बिजली की तार भी काट कर ले गए। उन्होंने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में आढ़तियों का बुरा हाल हो रहा है। यहां गर्मी में मजदूर भी काम नहीं कर पा रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में कोषाध्यक्ष मनोज राजदेव, राज मुंजाल, महेंद्र सागर, जमील खान, विजय सैनी, किशन पाल, सुरजीत चौहान, मनोज कुमार, बबलू, अमनदीप सिंह, चेतन गुगलानी, सूरज गुगलानी आदि शामिल थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरू माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
रुपया 1 RUPEE 1990
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338